सुविचार

सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।

" स्वामी विवेकानंद "

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times

7509202320

@revanchal_times

revanchaljabalpur@gmail.com

revanchaltimes_

■ वर्ष 3 ■ अंक 85 ■ जबलपुर, रविवार 22 मार्च 2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

## जो डर गया वो मर गया, ममता का मोदी सरकार को सीधा चैलेंज, बजने लगीं तालियां

*कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची में संशोधन के जरिए लोगों के "मतदान अधिकार छीनने" का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ह्ललोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसके लिए मैं कोलकाता से दिल्ली, कलकत्ता उच्च न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक गई। मुझे उम्मीद है कि लोगों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। मैं बंगाल में सभी के साथ, सभी जातियों, समुदायों और धर्मों के साथ खड़ी हूं। मैं यह लड़ाई जारी रखूंगी...हम मोदी जी को अपने अधिकार छीनने नहीं देंगे...आप हमारी सरकार को जबरदस्ती नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं, आप राष्ट्रपति शासन थोपना चाहते हैं। फिर भी, हम डरेंगे नहीं। जो डरते हैं, वो मरते हैं। जो लड़ते हैं, वो जिंदगी में कामयाब होते हैं...भाजपा चोरों और गुंडों की पार्टी है, गद्दारों की पार्टी है...ऐसे गद्दार भी हैं जो वोटों को बांटने के लिए भाजपा से पैसे लेते हैं।कोलकाता के रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद हजारों लोगों को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों का विशेष गहन संशोधन – जिसके बारे में सत्तारूढ़ पार्टी का दावा है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं – राज्य में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।*



*ममता बनर्जी ने सभा में कहा कि हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए अंत तक लड़ेंगे। उनकी ये टिप्पणियां मतदाता सूची की जांच को लेकर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच आई हैं, जिसे टीएमसी ने विधानसभा चुनावों से पहले वैध मतदाताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास बताया है। बनर्जी ने चेतावनी दी कि मतदाता सूचियों के संशोधन या सत्यापन के नाम पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के किसी भी प्रयास का उनकी पार्टी विरोध करेगी। उन्होंने कहा, "जो लोग बंगाल को निशाना बना रहे हैं और लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें नरक में जाना चाहिए," उनके इस बयान पर सभा में मौजूद लोगों ने जोरदार तालियां बजाईं।*

*ममता ने कहा कि बंगाल समाज को ध्रुवीकृत करने की कोशिश करने वाली ताकतों को सफल नहीं होने देगा। मुख्यमंत्री ने बंगाल की सांप्रदायिक सद्भाव की लंबी परंपरा का हवाला देते हुए कहा कि राज्य समाज को ध्रुवीकृत करने की कोशिश करने वाली ताकतों को सफल नहीं होने देगा। उन्होंने कहा, "बंगाल एकता में विश्वास रखता है। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई – सभी यहां एक साथ रहते हैं। हम किसी को भी इस सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने नहीं देंगे। पूर्वी भारत के सबसे बड़े ईद-उल-अजहानों में से एक, रेड रोड पर होने वाला वार्षिक ईद का जमावड़ा अक्सर चुनाव के वर्षों में एक राजनीतिक मंच के रूप में काम करता है, जिससे पार्टियों को राज्य के विशाल मुस्लिम मतदाताओं तक पहुंचने का अवसर मिलता है, जो आबादी का लगभग 30 प्रतिशत है।*

## मथुरा में गौ रक्षक की मौत पर बवाल, पथराव

### दिल्ली-आगरा हाईवे जाम, सीएम योगी ने दिए सख्त आदेश

नई दिल्ली। मथुरा के कोसी इलाके में गौ रक्षक की कथित तौर पर मवेशी तस्करों द्वारा कुचलकर हत्या किए जाने के विरोध में लोगों द्वारा सड़क जाम करने के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। यह घटना शनिवार तड़के मथुरा के कोसी कलां इलाके में सामने आई। ब्रज क्षेत्र में गौ संरक्षण कार्यकर्ता और संत चंद्रशेखर, जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'फरसा वाले बाबा' के नाम से जाना जाता था, की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया है। उनके समर्थकों और स्थानीय गौ-संरक्षण कार्यकताओं ने आरोप लगाया है कि यह घटना कोई दुर्घटना नहीं बल्कि मवेशी तस्करों द्वारा जानबूझकर किया गया कृत्य था। खबरों के मुताबिक, यह घटना शनिवार तड़के करीब 4:00 बजे घटी। बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर अपनी मोटरसाइकिल से एक संदिग्ध ट्रक का पीछा कर रहे



थे, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर मवेशी तस्करी के लिए किया जा रहा था। कोसी कलां पुलिस थाना क्षेत्र के नवीपुर गांव के पास जब उनकी मोटरसाइकिल ट्रक के पास पहुंची, तो तस्करों ने कथित तौर पर उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

उनकी मृत्यु की खबर फैलते ही सैकड़ों गौ रक्षक और स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। भीड़ ने छाता क्षेत्र में दिल्ली-आगरा राजमार्ग (एनएच-19) को अवरुद्ध कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने घटना में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद, गौ रक्षक बाबा का शव बरसाना स्थित उनके गौशाला में ले गए। पुलिस दल मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शन और यातायात अवरोध के कारण प्रक्रिया बाधित हुई। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के कोसी कलां में हुई घटना का संज्ञान लिया है और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश देते हुए कहा है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिए नया कानून!

### गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में पेश करेंगे विधेयक

नई दिल्ली। देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमा सुरक्षा में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (उअढऋ) के प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में 'केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026' पेश करेंगे। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य उअढऋ अधिकारियों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति और पदोन्नति की प्रक्रिया को एक एकीकृत नियामक ढांचे में लाना है। सभी सीएपीएफ -केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) - अपने-अपने अधिनियमों द्वारा संचालित होते हैं। इन अधिनियमों के तहत बने नियम सीएपीएफ में समूह ह्यएह्न सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कर्मियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों को नियंत्रित करते हैं।

**इस विधेयक की आवश्यकता क्यों पड़ी? :** वर्तमान में, CRPF, BSF, ITBP और SSB जैसे बल अपने-अपने अलग अधिनियमों और नियमों से संचालित होते हैं। विशेषज्ञों और



सरकारी सूत्रों का मानना है कि इस बिखरे हुए ढांचे के कारण कई चुनौतियां पैदा हो रही थीं:

परिचालन संबंधी भिन्नता: प्रत्येक बल की अपनी विशिष्ट संगठनात्मक संरचना और कार्यगत आवश्यकताएं हैं, जिन्हें अलग-अलग नियमों के कारण प्रबंधित करना कठिन हो रहा था।

मुकदमेबाजी: एक साझा कानून के अभाव में सेवा संबंधी मामलों और पदोन्नति को लेकर अक्सर कानूनी विवाद होते रहते हैं।

प्रशासनिक कठिनाइयाँ: नियमों की भिन्नता के कारण बलों के बीच समन्वय और प्रशासनिक दक्षता में बाधाएं आती हैं।

उन्होंने कहा कि सीएपीएफ को नियंत्रित करने के लिए कोई एक कानून नहीं होने के कारण नियामक ढांचा बिखरे हुए तरीके से विकसित हुआ जिसके परिणामस्वरूप सेवा संबंधी मामलों पर मुकदमेबाजी होती है और कुछ कार्यात्मक एवं प्रशासनिक कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं।

सदन की ओर से जारी कार्यसूची के अनुसार, इस विधेयक का उद्देश्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में समूह ह्यएह्न सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों, इन बलों से संबंधित अन्य नियमों तथा उनसे जुड़े या उनके आनुषंगिक मामलों को विनियमित करना है। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित कानून इन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में नियुक्त समूह ए सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की सेवा शर्तों को विनियमित करेगा। उन्होंने कहा कि इसमें यह भी सुझाव दिया गया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में महानिरीक्षक और उससे ऊपर के पदों पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों की नियुक्ति के लिए महानिरीक्षक रैंक में 50 प्रतिशत पद प्रतिनियुक्ति से भरे जाएं और अतिरिक्त महानिदेशक रैंक के कम से कम 67 प्रतिशत पद प्रतिनियुक्ति से भरे जाएं।

सूत्रों ने कहा कि विधेयक के अनुसार विशेष महानिदेशक और महानिदेशक के पद केवल प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। यह प्रस्तावित कानून ऐसे समय आया है, जब उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष अक्टूबर में केंद्र की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उसने 2025 के एक फैसले पर पुनर्विचार किए जाने का अनुरोध किया था।

इस फैसले के तहत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में प्रतिनियुक्ति कम करने और छह महीने में कैडर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया था। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखना है।

## मप्र-राजस्थान समेत 7 राज्यों में मार्च में सर्दी लौटी

### पारा 10 डिग्री तक गिरा, कोहरा छाया; बंगाल-ओडिशा में ओला-बारिश और आंधी चलने का अलर्ट

नई दिल्ली। मार्च का पहला पखवाड़ा सूखा रहा, कई राज्यों में लू चली और तापमान 42 डिग्री तक पहुंचा। लेकिन दूसरे पखवाड़े में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम पलट गया। देशभर में कई सिस्टम बनने से पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश-ओले गिर रहे हैं। जिससे तापमान गिरकर 20 डिग्री रह गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी में



शनिवार सुबह से कोहरा छाया रहा। तापमान भी 10त्उ तक गिर गया। शनिवार को देश के पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर हिस्सों में भारी बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी है। इनमें ओडिशा-बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट है। गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में 80`स्त्रँ की रफ्तार से आंधी-तूफान की संभावना है। वहीं, ओडिशा में हवाओं की रफ्तार 70`स्त्रँ हो सकती है। बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इस बीच, दक्षिणी राज्यों और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी छिटपुट बारिश होने की उम्मीद है, जबकि केरल, तटीय कर्नाटक और गोवा में गर्म और उमस भरा मौसम बना रह सकता है।

## खाई में गिरी पर्यटकों की कार, दो लोगों की मौत, दो अन्य घायल

नैनीताल। उत्तराखंड में नैनीताल के पास गैठिया में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जहां पर्यटकों से भरा वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। वाहन करीब 250 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गया। जानकारी के अनुसार, वाहन में कुल चार पर्यटक सवार थे, जो उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से कैंची धाम और जागेश्वर धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तल्लीताल और ज्योलिकोट पुलिस, एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य मे जुटी। कार सवार सभी लोग उन्नाव के निवासी है जो बागेश्वर जा रहे थे। खाई गहरी होने के कारण बचाव दल को घायलों तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद दोनों घायलों को खाई से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान अंकित चौधरी और अभिराज के रूप में हुई है, जो उन्नाव के पीतांबर नगर के निवासी बताए जा रहे हैं। इस हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

## ईद पर भोपाल में अमेरिका-इजराइल मुदाबांद के नारे

### राजस्थान में लोगों ने काली पट्टी बांधी; बंगाल में 'बाबरी मस्जिद' की साइट पर पहली बार नमाज

नई दिल्ली। देशभर में ईद मनाई गई। इस दौरान अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का असर दौराने को मिला है। शिया समुदाय के लोगों ने श्रीनगर, भोपाल, जयपुर, अजमेर, सीकर, बंगाल के मुर्शिदाबाद और यूपी के संभल में नमाज के दौरान लोग काली पट्टी बांधकर पहुंचे। भोपाल के इमामबाड़ा में अयातुल्लाह अली खामेनेई की तस्वीर रखकर श्रद्धांजलि दी गई। तकरीर में मौलाना राजी उल हसन ने जुल्म के खिलाफ



खड़े होने की बात कही। शिया समुदाय ने फतेहगढ़ इमामबाड़ा में काली ईद मनाई। नमाज के बाद अमेरिका और इजराइल मुदार्बाद के नारे लगे। राजस्थान के जयपुर, सीकर, अजमेर सहित कई जिलों में काली पट्?टी बांधकर नमाज अदा की गई। मस्जिदों पर काले झंडे लगाए गए थे। शिया समुदाय ने विरोध में आज नए कपड़े भी नहीं पहने। घरों में बनने वाले परंपरिक भोजन खीर, सेवइयां भी नहीं बनाई गईं। मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ने के लिए लोग इकट्?ठे हो रहे हैं। ईद-उल-फित्र के मौके पर राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह शरीफ में सुबह 5 बजे दरगाह का 'जन्नती दरवाजा' खोला गया।




## अराघची बोले- अस्थाई नहीं, युद्ध की पूर्ण, व्यापक और स्थाई समाप्ति चाहता है ईरान

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि उनका देश अमरीका और इजरायल के साथ किसी अस्थाई युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होगा। जापान की समाचार एजेंसी ह्यक्योडोह्न को दिए एक साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि ईरान केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि ह्लयुद्ध की पूर्ण, व्यापक और स्थाई समाप्तिह्व चाहता है। विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब क्षेत्र में सैन्य संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला चरमरा गई है।ईरानी नाकाबंदी के कारण फारस की खाड़ी से वैश्विक बाजारों तक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने वाला सबसे महत्वपूर्ण मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य,



प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इस मार्ग से शिपिंग रुकने के सीधे परिणाम के रूप में दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतों में भारी उछाल देखा जा रहा है। अराघची के कड़े रुख ने उन कूटनीतिक प्रयासों को झटका दिया है जो तनाव कम करने और वैश्विक तेल बाजार को स्थिर करने की कोशिश कर रहे थे।

### ईरान का यूएस-इजराइल पर बड़ा आरोप, नतान्ज न्यूक्लियर प्लांट पर फिर हमला

ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी मिजान ने बताया कि शनिवार को ईरान के नतान्ज परमाणु संवर्धन संयंत्र पर हवाई हमला हुआ। एजेंसी ने कहा कि विकिरण रिसाव नहीं हुआ, जबकि मध्य पूर्व में युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। ईरान के मुख्य संवर्धन केंद्र नतान्ज पर युद्ध के पहले सप्ताह में हमला हुआ था और उपग्रह चित्रों के अनुसार कई इमारतें क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही थीं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा था कि उस पहले हमले से कोई विकिरण संबंधी परिणाम होने की उम्मीद नहीं है। तेहरान के दक्षिण-पूर्व में लगभग 220 किलोमीटर (135 मील) दूर स्थित इस परमाणु संयंत्र को जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों तक चले युद्ध में इजराइली हवाई हमलों और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निशाना बनाया गया था। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद हुआ है जिसमें उन्होंने कहा था कि वे मध्य पूर्व में सैन्य अभियानों को "कम करने" पर विचार कर रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में तीन और उभयचर हमलावर जहाज और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिक भेज रहा है। ट्रम्प का शुक्रवार को सोशल मीडिया पर किया गया पोस्ट ईरान द्वारा विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी और क्षेत्र में जारी हवाई हमलों, ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद आया है। अमेरिका की ओर से ये मिले-जुले संदेश तेल की कीमतों में एक और उछाल के बाद आए, जिससे अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट आई।



परियोजना सीतारपटन को अब तक नहीं मिला धार्मिक दर्जा, लोगों में फूटा गुस्सा

# एक साल बाद भी अधूरी 'राम वनगमन पथ'







**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मध्यप्रदेश सरकार की बहुप्रचारित 'राम वनगमन पथ परियोजना एक साल बाद भी जमीनी हकीकत में नहीं उतर पाई है। पिछले वर्ष राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मंडला में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्पष्ट घोषणा की थी कि लव-कुश की जन्मस्थली सीतारपटन को इस परियोजना में शामिल किया जाएगा, लेकिन आज तक न तो कोई निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही इसे धार्मिक स्थल का दर्जा मिला। वही घोषणाएं सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई हैं, जबकि हकीकत में सीतारपटन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

## आस्था का केंद्र, फिर भी उपेक्षित

वही सीतारपटन जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर अंजनिया के पास सुरपन नदी के तट पर स्थित है। जनश्रुतियों के अनुसार यह स्थल लव-कुश की जन्मस्थली माना जाता है और यहीं महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी। यहां मौजूद ह्लपत्थरों के नगाड़ेह्व और रहस्यमयी ह्लअनजान पेड़ह्व आज भी श्रद्धालुओं और शोधकताओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बावजूद इसके, विकास के नाम पर यहां सिर्फ. उपेक्षा ही नजर आती है।

## लोगो में फूटा लोगों का गुस्सा

हाल ही में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। लोगों ने साफ कहा – सरकार ने वादा तो किया, लेकिन निभाया नहीं। श्रद्धालुओं का आरोप है कि धार्मिक भावनाओं के नाम पर सिर्फ. घोषणाएं की गईं, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। जनप्रतिनिधियों ने भी उठाए सवाल पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम ने भी सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने सहस्त्रधारा और कालपी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग दोहराते हुए कहा कि बार-बार आग्रह के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**बड़ा सवाल: आस्था बनाम राजनीति?** ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि अगर सरकार जल्द ही राम वनगमन पथ परियोजना पर काम शुरू नहीं करती, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। अब सवाल यह है कि क्या राम वनगमन पथ सिर्फ. घोषणाओं तक सीमित रहेगा, या सीतारपटन को उसका हक मिलेगा?



# मंडला में युवक चकोर नदी में डूबा, मौत

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह चकोर नदी में मछली पकड़ने गए 24 साल के युवक की डूबने से मौत हो गई। यह घटना शीतला मंदिर के पीछे स्थित नदी क्षेत्र में हुई, जिससे इलाके में शोक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1 का निवासी संदीप नंदा अपने पिता मनोज नंदा के साथ सुबह करीब 4 बजे मछली पकड़ने के लिए चकोर नदी गया था। इसी दौरान अचानक संदीप का पैर फिसल गया और वह संतुलन बिगड़ने के कारण गहरे पानी में चला गया। अंधेरा और पानी गहरा होने की वजह से वह खुद को संभाल नहीं पाया और डूब गया।

**मौके पर ही तोड़ा दम–** हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों और परिजन ने तुरंत खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद संदीप को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही नैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी।

मंत्री श्रीमती उइके ने मैदान में उतरकर बढ़ाया उत्साह

# पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने संगम घाट में हुई महिला कबड्डी प्रतियोगिता



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में संगम घाट मंडला में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और ऊर्जा के माहौल में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में उस समय विशेष उत्साह देखने को मिला, जब मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके स्वयं मैदान में उतरकर खिलाड़ियों के साथ कबड्डी खेलने लगीं। प्रतियोगिता में जिला प्रशासन की महिला टीम और महिला जनप्रतिनिधियों/महिला सदस्यों की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मंत्री श्रीमती उइके के नेतृत्व में महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों में जोश और खेल भावना देखने को मिली। मंत्री श्रीमती उइके ने मैदान में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह शारीरिक एवं मानसिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल, सहभागिता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमें अपने पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिला खिलाड़ियों, नागरिकों एवं दर्शकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिता को गाली देने से रोकने पर दादा की हत्या

## मंडला में झूमाझटकी के दौरान हाथ में पहना कड़ा मारा; 24 घंटे में पकड़ाया



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला जिले के हरार्टीकुर गांव में अपने दादा की हत्या करने वाले 21 वर्षीय पोते सुमित कुलस्ते को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने शराब के नशे में विवाद के दौरान अपने हाथ में पहने कड़े से हमला कर वृद्ध की जान ले ली थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।**

## पिता को गाली देने से रोकने पर विवाद

घटना 19 मार्च की रात करीब 9:30 बजे की है। आरोपी सुमित कुलस्ते शराब के नशे में अपने पिता के साथ मोबाइल पर गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान उसके रिश्ते के दादा मुन्नालाल कुलस्ते वहां पहुंचे और उसे अभद्र भाषा का प्रयोग करने से मना किया। समझाइश से नाराज होकर सुमित ने वृद्ध के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी।

## कड़े के प्रहार से मौके पर हुई मौत

विवाद के दौरान आरोपी सुमित ने अपने हाथ में पहने भारी कड़े से मुन्नालाल के गुप्तांग पर जोरदार प्रहार कर दिया। चोट इतनी गंभीर थी कि मुन्नालाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर टिकरिया पुलिस ने 20 मार्च को हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## पुलिस टीम ने 24 घंटे में आरोपी को पकड़ा

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने शनिवार को दबिश देकर आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पंकज बिष्ट, सहायक उपनिरीक्षक नारायण ताराम और प्रधान आरक्षक अभिषेक मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मियों की मुख्य भूमिका रही।



# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एकता रथ यात्रा का आगमन 24 मार्च को

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** गुजरात के अहमदाबाद से प्रारंभ हुई सरदार वल्लभभाई पटेल की एक प्रेरणादायक रथ यात्रा का आगामी 24 मार्च दिन मंगलवार को प्रात: 10:00 बजे मंडला जिले की सीमा नैनपुर में आगमन हो रहा है । सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एकता रथ यात्रा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए सरदार पटेल के इतिहास, विचार और मूल्यों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है ।जिसमें कारावास के दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के द्वारा उपयोग में लाई गई विभिन्न सामग्रियां जैसे उनका टिफिन, पानी पीने का लोटा, चरण पादुका,( चप्पल) संदूक (पेटी )व उन्हें उपहार में प्राप्त 3 किलो सोना(स्वर्ण ) का अशोक चिन्ह ,साथ ही उनको समर्पित सम्मान पत्र भी आमजन के दर्शन हेतु व पटेल जी के राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का अलख जागते हुए रथ यात्रा , देश की एकता को समर्पित हम सबके बीच विद्यमान होने जा रही है । रथ यात्रा का जिले में विभिन्न संगठनों, समुदायों वर्गों , स्व जातीय भाई बहनों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वही इसके लिए नैनपुर, बम्हनी बंजर,अंजनिया, महाराजपुर, मंडला आदि में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी संबंध में कुर्मी समाज विकास संगठन जिला मंडला की एक बैठक का आयोजन स्थानीय बिंदिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सामाजिक मंगल भवन में संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। समस्त आत्मीय जनों, स्वजातीय भाई ,बहनों ,विभिन्न समुदायों, संगठनों से इस अवसर पर गरिमामयी सह भागिता की अपील की गई।

# मंडला में फसल विविधीकरण को मिल रहा बढ़ावा, किसानों को वितरित किए गए मूंगफली व तिल के बीज



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला जिला में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से अब किसान पारंपरिक खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ तिलहन फसलों की ओर भी रुख कर रहे हैं।**

विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन (जायद) फसल के लिए किसानों को मूंगफली और तिल के बीज उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे खेती को अधिक लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल के तहत मोहगांव विकासखंड के किसानों ने गेहूं की फसल के बाद मूंगफली और तिल की खेती करने का निर्णय लिया है। किसानों के उत्साह को देखते हुए 20 मार्च को जनपद पंचायत मोहगांव की सदस्य एवं कृषि स्थायी समिति की सदस्य श्रीमती प्रेमलता उइके द्वारा क्षेत्र के किसानों को प्रदर्शन के रूप में निःशुल्क मूंगफली एवं तिल के बीज वितरित किए गए। इसके साथ ही किसानों को स्प्रे पंप और अन्य कृषि आदान सामग्री भी प्रदान की गई। उपसंचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया, सहायक संचालक कृषि श्रीमती माया रामटेके, मोहगाँव विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री आरके मंडाले तथा कृषि विस्तार अधिकारी किसानों के खेतों का दौरा कर उन्हें नरवाई प्रबंधन तथा मूंगफली और तिल की वैज्ञानिक बुवाई के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया। इस पहल से किसानों की आय में वृद्धि, उत्पादन में विविधता और खेती में जोखिम को कम करने की उम्मीद जताई जा रही है। जिला प्रशासन का मानना है कि फसल विविधीकरण से किसानों को बेहतर बाजार अवसर प्राप्त होंगे और कृषि को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकेगा।



# गांवों की तस्वीर बदल देगी विकसित भारत जी राम जी योजना: सांसद

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के मवई में शनिवार को सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का सफल आयोजन सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की मौजूदगी में किया गया। उन्होंने वीबी जी राम जी योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री पंडित धुर्वे तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मरकाम, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, जिला योजना अधिकारी श्री ओपी सिरसे सहित अन्य अधिकारी मंचासीन रहे। सांसद श्री कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं आजीविका जैसे क्षेत्रों में समन्वित प्रयासों से ही आकांक्षी ब्लॉकों का वास्तविक विकास संभव है। सांसद श्री कुलस्ते ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी–राम–जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। हर हाथ को कामह्ल मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। वीबी जी–राम–जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। सांसद श्री कुलस्ते ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय से ही विकास कार्यों को गति मिलती है। सभी संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करने तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मौजूद नागरिकों से कहा कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# खड़देवरा के अमित सिंह ठाकुर ने गेट परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 9

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** ग्राम पंचायत खड़देवरा के निवासी अमित सिंह ठाकुर, पिता सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रतिष्ठित गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अमित सिंह ठाकुर की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों एवं ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन से यह सफलता संभव हो सकी है। ग्राम पंचायत खड़देवरा सहित क्षेत्र के लोगों ने अमित सिंह ठाकुर को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सूचना का अधिकार अधिनियम पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18 एवं 19 मार्च को माहिष्मती सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। यह प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र मंडला के तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले के 15 विभागों के लोक सूचना अधिकारी (पीआईओ) एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी (एपीआईओ) उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, आवेदन प्रक्रिया, समय-सीमा, अपील प्रक्रिया तथा व्यवहारिक समस्याओं के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक शैलेष यादव (ई-दक्ष केंद्र) एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आईटी समन्वयक शिवराम पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया।



अवैध रेत उत्तखनन के समय खनिज विभाग ने मारा छापा

# ट्रैक्टर पलटा, 8 मजदूर घायल अस्पताल में भर्ती, 3 की हालत गंभीर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल। संभागीय मुख्यालय से लगे सोहागपुर थाना क्षेत्र के बिजौरी का है, जहां अवैध रेत उत्खनन के दौरान माइनिंग टीम के आने की सूचना मिलते ही भगदड़ मच गई और रेत से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर में सवार करीब 8 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज जिले के एक निजी अस्पताल में चल रहा।**



घायलों में अमन बैगा पिता जग्गू बैगा, दैय्या पिता बिसाहू (50 वर्ष), रनिया पति गुड्डू, बुदनी पति लल्लू, शनि पिता रामचंद्र (17 वर्ष), संतु पिता डेलू (16 वर्ष), गणेश पिता दीनदयाल और सूरज पिता बबलू (24 वर्ष) शामिल हैं। हादसे के बाद रेत माफिया और सहयोगियों ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए घायलों को जिला अस्पताल न ले जाकर सीधे संभाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार गणेश समेत तीन मजदूरों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजौरी स्थित नदी से लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल जारी है। घटना के समय भी मजदूर ट्रैक्टर में रेत लोड कर रहे थे। तभी माइनिंग टीम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान मजदूरों से भरा ट्रैक्टर तेजी से भागने लगा, लेकिन चालक संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर पलट गया, जिससे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। गौरतलब है कि शहडोल जिले के लगभग सभी नदी-नालों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन बेखौफ जारी है। सबसे बड़ी बात यह है कि संभागीय मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय और निवास होने के बावजूद यह काला कारोबार खुलेआम चल रहा है। पहले भी रेत माफिया के कारण कई गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें एक पटवारी और एक पुलिस एएसआई की कुचलकर मौत तक हो चुकी है, जबकि कई बार तहसीलदार, फॉरेस्ट और माइनिंग टीम पर हमले भी हो चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस और संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रहे हैं। नतीजा यह है कि अवैध रेत खनन का यह कारोबार अब सीधे तौर पर लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है और प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार करता दिख रहा है।



## शिव शंकर मंदिर परिसर के समीप नाले की हुई साफ-सफाई

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत कुएं, बावड़ियों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का संचयन सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित झिरिया शिव शंकर मंदिर परिसर के समीप नाले की साफ-सफाई का कार्य नगरपालिका के मैदानी कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। इस कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा तथा वर्षा के दौरान जल भराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि हो और आमजन को जल संकट से राहत मिल सके।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ भटकती मिली नवयुवती को छत्तीसगढ़ निवासी परिजनो को सौंपा



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक सोशल मीडिया में किये गये प्रयास से मानसिक रूप से अस्वस्थ भटकती मिली नवयुवती के छत्तीसगढ निवासी परिजनों को खोज कर मिलवाया गया। 112 सर्विस के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अनूपपुर में जैतहरी रोड पर हर्री फाटक के पास एक 30 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ नवयुवती भटक रही है जो अपना नाम पता नही बता पा रही है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त नवयुवती को सुरक्षित महिला डेस्क, कोतवाली लाया जाकर भोजन - पानी एवं रुकने की व्यवस्था की गई। नवयुवती अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी। पुलिस टीम के द्वारा उक्त नवयुवती की फोटो सोशल मीडिया में जारी किये गये जो छत्तीसगढ़ के जिला एम.सी.बी. ( महेंद्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर ) के अंतर्गत खोंगापानी निवासी माँ - भाई तक सोशल मीडिया से जानकारी पहुंची जिनके देर शाम थाना कोतवाली अनूपपुर पहुंचने पर पुलिस द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ नवयुवती को सकुशल माता और भाई को सौंपा गया। नवयुवती के भाई अजय बंजारे पिता मोहन बंजारे निवासी खोंगापानी जिला एम.सी.बी. (छत्तीसगढ़) ने बताया कि उनकी बेटी कुमारी पिंकी बंजारे का विवाह ग्राम जिला जांजगीर चांपा( छत्तीसगढ़ ) में हुआ था जो कुछ वर्षों पूर्व से मानसिक स्थिति बिगड़ जाने के बाद वह ससुराल में रह रही थी और कुछ दिन पूर्व ससुराल से बिना बताए चले जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। शुक्रवार की शाम भाई को सोशल मीडिया फेसबुक और व्हाट्सएप से जानकारी प्राप्त हुई। शुक्रवार की रात्रि थाना कोतवाली अनूपपुर पहुंचकर उन्होंने अपनी बेटी को सकुशल प्राप्त किया और अनूपपुर पुलिस को अपना आभार व्यक्त किया है।

मस्जिद परिसर में सुबह से ही नमाजियों की उमड़ी भीड़

## जिले में ईद की नमाज के बाद गले मिलकर झलका भाईचारा, मोहब्बत और अमन का संदेश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर। जिले के कोतमा, अनूपपुर, बिजुरी, राजनगर, भालूमाड़ा, जैतहरी, चचाई, राजेन्द्रग्राम ईद की नमाज अदा की गई। मस्जिद परिसर में ईद उल फित्र की नमाज पूरे अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ अदा की गई।**



पवित्र रमजान माह में एक महीने तक रोजा, इबादत, तरावीह और नेकियों में बिताए गए दिनों के बाद जैसे ही ईद की सुबह हुई, पूरे क्षेत्र में खुशी और रौनक का माहौल छा गया। मस्जिद परिसर में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर अल्लाह से अमन, खुशहाली और बरकत की दुआ मांगी। नमाज के बाद का नजारा भाईचारे और अपनत्व से भरा नजर आया, जब लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। हर वर्ग के लोगों ने आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम, एकता और इंसानियत का संदेश दिया। इस दौरान देश में शांति, तरक्की और सौहार्द बना रहे, इसके लिए भी दुआएं की गईं।

बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जो नए कपड़ों में ईद की खुशियां मनाते नजर आए, वहीं बुजुर्गों ने अपने आशीर्वाद और अनुभवों से माहौल को और भी खास बना दिया। ईद के इस मौके पर मस्जिद के हाफिज और मोअजिन को फूलों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया और सभी ने उन्हें मुबारकबाद दी। इससे पूरा वातावरण और भी भावुक और खुशनुमा हो गया तथा लोगों ने अपने धर्मगुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। लोगों ने सादगी और आपसी सौहार्द के साथ इसे मनाते हुए समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मस्जिद के बाहर भी देर तक लोगों का जमावड़ा लगा रहा, जहां मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा।

### अनूपपुर में दिखा एकता व भाईचारे का संदेश

ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर अनूपपुर जिले में उल्लास और भाईचारे का अनोखा दृश्य देखने को मिला। सुबह ईदगाह एवं मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की, जिसके बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर विभिन्न जाति एवं धर्मों के लोग भी शामिल हुए और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की। पूरे जिले में ह्लहिंदू-मुस्लिम एकताह्व की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।सभी धर्मों का सम्मान करें, मिल-जुलकर रहें और समाज में प्रेम व शांति बनाए रखें। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नमाज और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** नवीन शिक्षा सत्र 2026झ27 एवं विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला अंतर्गत समस्त बीईओ, बीआरसीसी तथा शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक डाइट परिसर, अनूपपुर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण योजना तथा नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से प्रवेशित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## निर्माण कार्य प्रारभ करने की सूचना देना अनिवार्य

**उमरिया।** श्रमपदाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाईल ऐप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण,कर्मचारियो की संख्या,स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिको के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते हैं।

## ईदगाह में मोहब्बत और भाईचारे का खूबसूरत नजारा अदा की ईद की नमाज, अमन-खुशहाली की मांगी दुआ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह में शनिवार सुबह करीब 9:40 बजे ईदुल-फितर की नमाज अकीदत और खुशनुमा माहौल में अदा की गई। इस मौके पर मुख्यालय सहित आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई नमाज में शरीक हुए। नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना साकिर अली हलीमी साहब की इमामत में अदा हुई, जहां उन्होंने मुल्क में अमन, शांति और तरक्की के लिए खास दुआ की।नमाज के बाद ईदगाह में मोहब्बत और भाईचारे का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर इस्लामिया गौसिया मस्जिद के सदर इनायत सिद्दीकी और जामा मस्जिद के सदर आजाद खान ने जिलेवासियों को ईद की बधाई दी।कार्यक्रम में मेंहदी हसन, शेख सलीम, शकील खान, अहमद सिद्दीकी, शाहिद खान, हाजी इदरीस और शेख नफीस सहित कई लोगों ने ईद की शुभकामनाएं दीं और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन का आभार जताया। ईदगाह में पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी ने भी सभी को ईद की मुबारकबाद दी।इस दौरान एडिशनल एसपी सीताराम सत्या, एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी,थाना प्रभारी, सीएमओ किशन सिंह ठाकुर सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं त्रिभुवन प्रताप सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों को बधाई दी।ईद की नमाज जिले के बिरसिंहपुर पाली, नौरोजाबाद, चंदिया, मानपुर और अमरपुर सहित अन्य क्षेत्रों में भी अदा की गई। शहर में दिनभर ईद की रौनक बनी रही,लोग एक-दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद देते रहे और मीठी सेवइयों की मिठास ने रिश्तों को और करीब कर दिया।गौरतलब है कि ईदुल-फितर, रमजान के मुकम्मल होने और चांद नजर आने के बाद मनाया जाता है। 30 रोजों के बाद अदा की जाने वाली ईद की नमाज को तोहफे के रूप में माना जाता है। इस दिन नए कपड़े पहनना, गले मिलना और खुशियां बांटना इसकी खास पहचान है। साथ ही जकात और फि तरा के जरिए गरीबों का ख्याल रखना इस त्योहार की रूह है, ताकि हर कोई ईद की खुशी में बराबरी से शामिल हो सके।

## यूरोप से आए दंपति ने नवरात्रि पर भारतीय वेशभूषा में मां नर्मदा का किया दर्शन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पावन नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा उद्गम मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर यूरोप से आए एक दंपति ने भारतीय परंपरागत वेशभूषा धारण कर श्रद्धा-भाव से दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। दंपति ने मंदिर पहुंचकर चंदन का तिलक लगवाया और विधिवत मां नर्मदा जी के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धापूर्वक माथा टेककर प्रणाम किया तथा मंदिर में प्रज्वलित ज्योति कलश के समक्ष लगभग 15 मिनट तक एकाग्र होकर निहारते हुए भाव-विभोर होकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान दंपति ने इशारों और अंग्रेजी भाषा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें अमरकंटक नगर अत्यंत सुंदर लगा तथा यहां का मौसम भी बहुत सुहावना है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा और अमरकंटक के बारे में उन्होंने दिल्ली और बनारस में सुना था, जिसके बाद यहां आने की इच्छा हुई। दंपति ने मध्यप्रदेश एवं अमरकंटक के लोगों की सराहना करते हुए उन्हें बेहद सरल और सहयोगी बताया। दर्शन के दौरान वे ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लनर्मदे हरह्व का उद्घोष भी करते रहे, जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## शिरडी से आया 40 सदस्यीय भक्त दल, नर्मदा परिक्रमा करते हुए अमरकंटक में हुआ भाव-विभोर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** आस्था, विश्वास और भक्ति की अविरल धारा के साथ महाराष्ट्र के शिरडी से आया 40 सदस्यीय भक्त मंडल नर्मदा परिक्रमा करते हुए पावन नगरी अमरकंटक पहुंचा। ओंकारेश्वर से आरंभ हुई इस तपस्वी यात्रा का यह दसवां दिवस था, जब श्रद्धालु मां नर्मदा के उद्गम स्थल की गोद में आकर भाव-विभोर हो उठे। अमरकंटक आगमन पर परिक्रमावासियों ने रामघाट के पवित्र तट पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती की। इसके पश्चात मां नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर के उत्तर तट पर पहुंचकर भक्तों ने पूर्ण आस्था और समर्पण के साथ दर्शन-पूजन किया। वातावरण ह्लनर्मदे हरह्व के जयघोष से गुंजायमान हो उठा, मानो स्वयं प्रकृति भी इस भक्ति में सहभागी हो। भक्तों ने अमरकंटक के रमणीय स्थलों का भ्रमण कर यहां की सुरम्य वादियों, हरित आंचल और अलौकिक छटा का रसास्वादन किया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि जहां देश के अन्य हिस्सों में गर्मी ने दस्तक दे दी है, वहीं अमरकंटक आज भी अपनी शीतलता और सौम्यता से मन को शांति प्रदान कर रहा है–यहां का वातावरण मानो तपती जीवन-धारा पर शीतल स्पर्श सा प्रतीत होता है। अपने अनुभव साझा करते हुए श्रद्धालुओं ने कहा कि अमरकंटक के विषय में जो सुना था, यहां आकर वह सजीव अनुभूति में परिवर्तित हो गया। नर्मदा परिक्रमा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण और ईश्वर से साक्षात्कार का माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पतित-पावनी मां नर्मदा अपने प्रत्येक भक्त की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं और उनके दर्शन किसी न किसी रूप में अवश्य कराती हैं। भक्तों ने भावुक स्वर में कहा कि परिक्रमा पथ पर कठिनाइयां भले ही आती हों, पर मां नर्मदा की कृपा ऐसी है कि कोई भी भक्त भूखा नहीं सोता। यह यात्रा त्याग, तप और विश्वास की जीवंत मिसाल है।

## कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन स्कूल में 100% रिजल्ट, मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले का एकमात्र उक्रउए बोर्ड (भारतीय स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिषद) से संबद्ध कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन, पटना (राजेंद्रग्राम) में शैक्षणिक सत्र 2025झ26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम भव्य समारोह में घोषित किया गया। इस वर्ष स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और सम्पूर्ण शिक्षक एवं स्टाफ की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय और यादगार बना दिया। समारोह में टॉप रैंकर्स और पुरस्कार विजेताओं का सम्मान किया गया, साथ ही अभिभावक–शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित कर बच्चों की प्रगति और समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विनोद कार्की, प्राचार्य श्री अमित कुमार घोष और प्रशासक पी. एस. विश्वास उपस्थित थे। उन्होंने संयुक्त रूप से माता सरस्वती को माल्यार्पित किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पूरे परिसर में आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका दया बैरवा ने कुशलता पूर्वक किया। समारोह का मुख्य आकर्षण टॉप रैंकर्स और विभिन्न पुरस्कार विजेताओं का सम्मान था। छङ्कसे कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मंच पर बुलाकर प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह और रिपोर्ट कार्ड प्रदान किए गए। अभिभावकों और बच्चों के चेहरे खुशी और आत्मविश्वास से दमक उठे। पूरे समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल महसूस किया गया।

# संपादकीय

## अब यह तेल-गैस युद्ध

ईरान युद्ध में अमरीका की ओर से कुछ सुखद संकेत आए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि वह अमरीकी सैनिक नहीं भेजेंगे। अमरीका युद्ध जीत चुका है। ईरान का पूरा नेतृत्व समाप्त हो चुका है। अब शीघ्र ही सामान्य हालात होंगे। अमरीका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का बयान आया है कि ईरान पर से तेल की पाबंदियां हटाई जा सकती हैं। समुद्र में जिन जहाजों, टैंकरों में ईरान का तेल है, वह उसे किसी भी देश को बेच सकेगा। शीघ्र ही फैसला लिया जा सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति ने युद्ध की समाप्ति के संकेत दिए हैं, लेकिन जब तक वह घोषणा नहीं करते और अपनी सेनाओं की वापसी का आदेश नहीं देते, तब तक सब कुछ अनिश्चित और अस्थिर है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप की फितरत ही ऐसी है। दरअसल ईरान युद्ध के आयाम बिल्कुल बदल चुके हैं। अब यह तेल-गैस युद्ध के खौफनाक, विध्वंसक चरण में प्रवेश कर चुका है। यदि अमरीका वाकई युद्ध समेटना चाहता है, तो पेंटागन ने अमरीकी कांग्रेस (संसद) से 200 अरब डॉलर, यानी 18.64 लाख करोड़ रुपए, के अतिरिक्त फंड की मांग क्यों की है? यह बेहद मौजू सवाल है। यदि भारत के शेयर और कारोबारी बाजार की बात करें, तो युद्ध के 20 दिनों में ही 37 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो चुके हैं। बीती 19 मार्च को एक ही दिन में करीब 14 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। ये सिर्फ वित्तीय सेवाओं, संस्थानों और कॉरपोरेट के ही नुकसान हैं। समग्र नुकसान अनंत, असीम हो सकता है। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि यदि कच्चे तेल की कीमतें, लंबे वक्त तक, 120 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहीं, तो वित्त वर्ष 2027 में देश की जीडीपी बढ़ोतरी और कॉरपोरेट आय पर बुरा असर पड ?ा तय है। भारत 19 लाख करोड़ रुपए का निर्यात खाड़ी देशों को करता है, जो युद्ध के कारण बाधित है, जाहिर है कि अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। ईरान के जिस साउथ पार्स गैस प्लांट पर इजरायल ने विनाशकारी हमला किया था, वह 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का सर्वाधिक उत्पादन करता है। पार्स अकेले ही 13 लंबे सालों तक दुनिया की गैस-जरूरतों की आपूर्ति कर सकता था। प्राकृतिक गैस उत्पादन में ईरान, अमरीका और रूस के बाद, तीसरा सबसे बड़ा गैस उत्पादक देश है। प्राकृतिक गैस ईरान की लाइफलाइन रही है, क्योंकि वहां 80 फीसदी बिजली प्राकृतिक गैस से ही बनाई जाती रही है। उस प्लांट को जला कर खाक कर दिया गया है। चूंकि इस क्षेत्र में कतर भी साझेदार है, लिहाजा वह भी इतना प्रभावित हुआ है कि उसने एलएनजी का उत्पादन ही बंद कर दिया है। सबसे भीषण हमला कतर के रास लफान एलएनजी प्लांट पर ईरान ने किया। नतीजतन कतर की गैस निर्यात क्षमता 17 फीसदी नष्ट हो गई है। भारत कतर से 47 फीसदी एलएनजी और 25 फीसदी रसोई गैस (एलपीजी) लेता रहा है। चीन और जापान भी इसी पर निर्भर रहे हैं। कतर से ही एशिया और यूरोप के अन्य देशों को भी गैस आपूर्ति होती रही है। यदि एलएनजी नहीं मिलेगी, तो यूरिया खाद का उत्पादन भी संकट में पड़ सकता है। यदि खाद की कमी होगी, तो फसलें भी कम होंगी। इन विनाशकारी हमलों ने ऊर्जा-संकट के साथ-साथ खाद्य-संकट की संभावनाएं भी पैदा कर दी हैं। ईरान ने साउथ पार्स हमले से तिलमिला कर ही इजरायल समेत 9 देशों पर विध्वंसक मिसाइलों से हमले किए। यदि युद्ध यहीं थम जाता है, तो तबाह तेल-गैस ठिकानों, प्रतिष्ठानों और रिफाइनरियों के पुनर्निर्माण में कमोबेश 3-5 साल का वक्त लगेगा। अरबों रुपए खर्च करने पड़ेंगे। सबसे अहम यह है कि इस कालखंड में युद्ध नहीं होना चाहिए। अमरीका-इजरायल और ईरान ने इन बर्बादियों से हासिल क्या किया? मिट्टी-मलबा, खंडहर, बंजर जमीन और धधक कर खाक होते तेल-गैस प्लांटह्न! 2003 के इराक युद्ध में भी अमरीका ने इसी तरह कई ऊर्जा-संयंत्रों को तबाह, बर्बाद किया था। युद्ध के दो साल बाद तक भी उनकी मरम्मत नहीं हो सकी थी।

# महिलाओं को लेकर कलाम का सपना अधूरा

एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 46 फीसदी है, हालांकि उनकी प्रभावी भागीदारी कम बनी हुई है, खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसे उत्तरी राज्यों में, जहां अक्सर पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेने में हावी रहते हैं। इस प्रथा को उजागर करने और इसकी निंदा करने के लिए ह्यप्रधान पतिह्न शब्द राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो गया है। यह दशार्ता है कि किस प्रकार गहरी जड़ें जमा चुके लैंगिक मानदंड प्रगतिशील कानूनों को कमजोर कर सकते हैं। देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम से मशहूर रहे डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक अच्छे परिवार, अच्छे समाज और अंततः एक अच्छे राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। जब महिला सुखी होती है, तो घर सुखी होता है। जब घर सुखी होता है, तो समाज सुखी होता है, और जब समाज सुखी होता है तो राज्य सुखी होता है, और जब राज्य सुखी होता है तो देश में शांति होती है और उसका विकास अधिक गति से होता है। देश में महिलाओं की मौजूदा हालत को देखते हुए लगता यही है कि डा. कलाम का यह सपना पूरा नहीं हुआ है। इस सपने को पूरा करने के लिए अभी शायद दशकों तक इंतजार करना पड़ेगा। भारतीय महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर संसद में नेतृत्व तक का लंबा सफर तय किया है, फिर भी सच्ची समानता अभी भी दूर है। मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है, जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और महिला आरक्षण विधेयक एक बड़ी छलांग का वादा करता है। लेकिन लैंगिक भेदभाव, परोक्ष राजनीति और सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसी व्यवस्थागत बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं।



विश्व स्तर पर भारत में महिलाओं की स्थिति मिश्रित है, जहां वे नेतृत्व और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं लैंगिक असमानता, सुरक्षा और श्रम भागीदारी में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा और साक्षरता में प्रगति के बावजूद, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक असमानता प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। जो महिलाओं की स्थिति में चिंताजनक गिरावट दशार्ता है। देश में महिलाएं अभी तक लिंगभेद का शिकार हैं। महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और अपराधों के ग्राफ बताते हैं कि उनकी तरक्की ऊंट के मुंह में जीरे से ज्यादा नहीं है। साल 2023 की राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 2023 में महिलाओं के खिलाफ 13366 मामले दर्ज हुए, जो मुंबई में 6025 और बेंगलुरु में 4870 से कहीं ज्यादा हैं। हालांकि साल 2022 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। देश में 2021 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ कुल 1321745 अपराध दर्ज हुए। औसतन हर तीन मिनट में एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई। गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने राज्यसभा में पेश आंकड़ों से बताया कि घरेलू हिंसा, अपहरण, यौन अपराध और बाल शोषण जैसी घटनाओं में लगातार तीन वर्षों में बढ़ोतरी देखी गई। उत्तर प्रदेश इन तीन वर्षों में सबसे आगे रहा, जहां 188207 मामले दर्ज हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 131958, राजस्थान 131246, बंगाल 105313 और मध्य प्रदेश में 95780 मामलों ने स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है। महिलाओं के खिलाफ प्रमुख अपराधों में शामिल रहे पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 409929 मामले तो वहीं अपहरण के 249284 मामले सामने आए। गृह राज्य मंत्री ने बताया था कि अपराधों के ये रुझान सामाजिक और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करते हैं। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों से जुड़े अपराधों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है। आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों (82 फीसदी) की तुलना में केवल 18 फीसदी है, जो काफी कम है। कामकाजी महिलाओं में से केवल 40-42 फीसदी ही अपने पति के बराबर या उससे अधिक कमाती हैं। साक्षरता दर में 2010-2021 के बीच 14.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। हालांकि, केवल 10 फीसदी महिलाएं अपने स्वास्थ्य संबंधी निर्णय खुद ले पाती हैं। संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। 2024 में 800 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। फिर भी, वैश्विक स्तर पर यह भागीदारी अभी भी कम है।

लोकनीति-सीएसडीएस के 2019 के ह्यमहिलाएं और राजनीतिह्न सर्वेक्षण के मुताबिक अधिकतर महिलाओं को रैलियों में जाने, उम्मीदवार से मिलने या चुनाव प्रचार करने के लिए परिवार की मंजूरी लेनी पड़ती है। 58 प्रतिशत महिलाओं का मानना था कि राजनीतिक परिवार से आने वाली महिलाओं के लिए राजनीति में प्रवेश आसान होता है। जबकि 57 प्रतिशत का मानना था कि आर्थिक रूप से मजबूत परिवारों की महिलाओं को बढ़त मिलती है। अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचकर भी महिलाओं का लोकसभा में हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत ही रहा, जबकि मतदाताओं में उनकी हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है। 1952 में पहली लोकसभा में सिर्फ 22 महिलाएं चुनी गई थीं। 1977 में तो यह संख्या घटकर 19 ही रह गई। एक बड़ा बदलाव 21वीं सदी में दिखा। साल 2009 में 59 महिलाएं सांसद बनीं, 2014 में यह संख्या बढकर 62 हो गई, और 2019 में यह ऐतिहासिक रूप से बढकर 78 तक पहुंच गई। 2024 में यह थोड़ा घटकर 74 रह गई। राजनीतिक दल अक्सर कम टिकट देने को यह कहकर सही ठहराते हैं कि महिलाओं के जीतने की संभावनाएं कमजोर होती हैं। लेकिन सफलता का आंकड़ा इस दावे को सवालों के घेरे में डाल देता है। 1957 में 49 प्रतिशत महिला उम्मीदवार जीतीं, जबकि पुरुषों में जीत का प्रतिशत सिर्फ 33 प्रतिशत था। 1962 में महिलाओं की सफलता दर 47 प्रतिशत थी, जबकि पुरुषों की सिर्फ 25 प्रतिशत। हाल के चुनावों में भी महिलाओं की सफलता दर बराबर या थोड़ा बेहतर ही रही।

वर्ष 2019 में 11 प्रतिशत जीतीं, जबकि पुरुषों में यह दर 6 प्रतिशत थी। 2024 में महिलाओं की सफलता दर 9 प्रतिशत और पुरुषों की 6 प्रतिशत रही। इन आंकड़ों से साफ है कि जब महिलाओं को टिकट मिलता है तो वे चुनाव जीत सकती हैं। चाहे महिलाएं अब वोटिंग में लगभग बराबरी पर हों, लेकिन असली राजनीतिक शक्ति और प्रतिनिधित्व अब भी सीमित है। महिला आरक्षण बिल का पारित होना इस अंतर को कम करने का एक संरचनात्मक रास्ता जरूर खोलता है। आज भी 23 फीसदी युवा महिलाओं की शादी 18 वर्ष से पहले हो जाती है, जो ग्रामीण और गरीब घरों में अधिक आम है। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 46 फीसदी है, हालांकि उनकी प्रभावी भागीदारी कम बनी हुई है, खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसे उत्तरी राज्यों में, जहां अक्सर पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेने में हावी रहते हैं। इस प्रथा को उजागर करने और इसकी निंदा करने के लिए ह्यप्रधान पतिह्न शब्द राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो गया है। यह दशार्ता है कि किस प्रकार गहरी जड़ें जमा चुके लैंगिक मानदंड प्रगतिशील कानूनों को कमजोर कर सकते हैं, परिवार और समुदाय सत्ता में महिलाओं को देखकर असहज महसूस कर सकते हैं, इसलिए वे पुरुषों को पर्दे के पीछे रखकर पुराने मानदंडों को लागू करते हैं। महिलाएं अब सेना, अंतरिक्ष, खेल और व्यावसायिक नेतृत्व में नए मानदंड स्थापित कर रही हैं। स्व-सहायता समूह, डिजिटल साक्षरता और शिक्षा में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों से बदलाव आ रहा है। इस गति को बढ़ाने की जरूरत है।

## राशिफल

मेष राशि :- विशेष कार्यस्थिगित रखे, लेनदेन के मामलें में हानि होगी, चिंता असमंजसं होगी।

वृष राशि :- विवाद ग्रस्त होने से बचियेगा, उत्तम भावना से क्लेश व अशांति होगी।

मिथुन राशि :- व्यग्रता असमंजस में रखे, विषम व्यवस्थाओं से बचने की चेष्टा करेंगे।

कर्क राशि :- स्त्रीवर्ग भोग ऐश्वर्य की प्राप्ति तथा सुख समृद्धि के साधन अवश्य बनेंगे।

सिंह राशि :- समय और धन नष्ट न हो, क्लेश और अशांति विघटनकारी तत्व बचे।

कन्या राशि :- नवीन योजनाएं फलप्रद होगी, भावनाएं संवेदनशील बनी ही रहेगी।

तुला राशि :- वृथा धन के व्यय से बचे, कार्यकुशलता से संतोष हो मनोबल बना रहेगा।

वृश्चिक राशि :- भाग्य का सितारा साथ दें, समय अनुकूल नहीं कार्य स्थिगित रखे।

धनु राशि :-अधिकारी का समर्थन फलप्रद रहेगा, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि होगी।

मकर राशि :- मान प्रतिष्ठा बाल बाल बचे, कार्य कुशलता से संतोष होगा।

कुंभ राशि :- इष्टमित्र सुखवर्धक हो तथा भाग्य का सितारा प्रबल रहेगा, कार्य बढ़ेगा।

मीन राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य कुशलता से संतोष बना ही रहेगा।

## स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नं.2. राईट टाऊन में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण

जबलपुर । श्री हनुमान जन्मोत्सव की आप सभी श्रद्धालुओं को आचार्य पं. श्री धर्मेन्द्र दुबे द्वारा शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए बताये कि दिनांक 02 अप्रैल 2026 गुरुवार चौत पूर्णिमा का विश्वस्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय तीन दिवसीय आयोजन जबलपुर शहर के हृदय स्थल स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में मध्य भारत के अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 101 कलाकारों की शानदार भजनों का अनुपम प्रस्तुतियों एवं असंख्य कन्याओं का कन्या पूजन मीनू बदलकर 24 घंटे विशाल मंडारा एवं निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क दवाई वितरण, निरूशुल्क समी जाँचें एवं निःशुल्क चश्मा वितरण श्री हनुमान मंदिर के संचालक पं. श्री आचार्य धर्मेन्द्र दुबे द्वारा सभी की कराई जायेंगी। आयोजन, आचार्य पं. श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने बताया कि इन तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो कि मध्यप्रदेश एवं मध्य भारत का सबसे बडा आयोजन है, जो 51 घंटे लगभग बिना रुके चलेगा, आयोजक, संयोजक, आचार्य पं. श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने आगे बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों का




शुभारंभ श्री हनुमान जी स्वामी के आराध्य स्वामी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव श्री रामनवमी के पावन पर्व से की जा रही है, श्रीराम नवमीं में 27-03-2026 दिन शुक्रवार को 11.30 बजे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म पूजन, हवन, अभिषेक आदि प्रभु का पूर्ण श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण भंडारा आदि होगा। प्रेस वार्ता मे प्रेम विश्वकर्मा, सतीश पसारी, गौरव मुगदल, राजा सोनी, नितेश अग्रवाल, राजेश दीक्षित, उपस्थित थे

श्री हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पहले दिनांक 01-04-2026 को प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहुर्त में संगीतमय श्री रामचरित मानस अखंड पाठ 24 घंटे राष्ट्रीय कलाकार कृष्ण मोहन दीवान 21 मंडली के साथ प्रस्तुति करेंगे। श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को ब्रह्ममुहुर्त में प्रातः 4 बजे श्री हनुमान जी स्वामी जी का जन्म पूजन 5 ब्राह्मणों द्वारा प्रातः 5 बजे श्री हनुमान जी चोला, वस्त्र एवं विभिन्न प्रकार के आभूषणों से आकर्षक श्रृंगार प्रभु के गर्भग्रह में होगा, प्रातः 6 बजे श्री हनुमान जी स्वामी की संगीतमय जन्म महाआरती होगी, प्रातः 5.30 बजे राष्ट्रीय शहनाई वादकों की 5 कलाकारों की टीम द्वारा मधुर भजनों की धुन की प्रस्तुति. प्रातः 6.30 बजे मध्य भारत के राष्ट्रीय कलाकार (कटनी) श्री संदीप अयाची दुबे द्वारा बाँसुरी वादन होगा। आचार्य पं. श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने बताया कि प्रातरू 7.30 बजे सामूहिकपूर्ण संगीतमय सुन्दरकांड पाठ प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार श्री दिलीप कोरी जी एवं प्रसिद्ध भजन गायिका रुपाली कुसुमाकर जी एवं अन्तर्राष्ट्रीय त्तबलावादक लोकेश मालवीय जी की शानदार प्रस्तुति होगी। श्री हनुमान जन्मोत्सव में प्रातः 8 बजे चाय, पोहे का स्वल्पाहार मंडारा होगा, 8.30 में प्रातःकालीन प्रभु की आरती, 9.30 बजे प्रभु को ध्वजा अर्पण होगा। प्रातः 10 बजे श्री सुरेन्द्र झारिया जी द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति प्रातः 10. 30 बजे राजधानी भोपाल की भजन गायिका रचना श्रीवास्तव द्वारा भजनों की प्रस्तुति, 11 बजे देवी स्वरूप कन्याओं का कन्यापूजन, प्रातः 11.25 में अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध भजन गायिका बाली ठाकरे एवं रिजा जी जिला बालाघाट द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुतियाँ प्रात 11.45 बजे श्री हनुमान जी को महाभोग अर्पण एवं कन्याभोग प्रारंभ दोपहर 12 बजे प्रभु का प्रसाद स्वरूप शर्बत वित्तरण दोपहर 12.15 में श्री हनुमान जी स्वामी जी का विशाल भंडारा प्रारंभ (बैठाकर थाली परोसकर) दोपहर 12:30 बजे श्री सुरेन्द्र चौकसे जी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दोपहर 1 बजे श्री हनुमान जी का चोला एवं वस्त्रों का विधि विधान से अनुपम श्रृंगार, दोपहर 1.30 बजे प्रसिद्ध भजन गायक दिलीप कोरी एवं रमेश पुरी गोस्वामी द्वारा भजनों की प्रस्तुति। दोपहर 2 बजे इन्टरनेशनल श्याम बैण्ड के संचालक एवं देश विदेश में ख्याति प्राप्त मनोज भाई एवं 51 साथियों की टीम द्वारा मधुर धुनों की प्रस्तुतियाँ। दोपहर 3 बजे दिल्ली शहर के शांतनु नृत्य संस्था की 21 कुमारी कन्याओं द्वारा श्री हनुमान चालीसा में नृत्य की प्रस्तुति दोपहर 3.30 बजे मध्य भारत के राष्ट्रीय कलाकार श्री राजेश कपूर जी द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जायेगी।

## डॉ. विवेक गुप्ता बने अध्यक्ष, डॉ. सौरभ तिवारी बने आईडीए जबलपुर शाखा के मानद सचिव

जबलपुर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की जबलपुर शाखा में इस वर्ष हुए चुनाव/नियुक्ति के अंतर्गत डॉ. विवेक गुप्ता को अध्यक्ष तथा डॉ. सौरभ तिवारी को शाखा का मानद सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर दंत चिकित्सकों के बीच हर्ष का माहौल है। डॉ. विवेक गुप्ता एवं डॉ. सौरभ तिवारी दोनों ही अनुभवी, कर्मठ एवं



समर्पित दंत चिकित्सक हैं। वे लंबे समय से आईडीए से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। अध्यक्ष एवं मानद सचिव के रूप में दोनों ही आईडीए जबलपुर शाखा की शैक्षणिक, सामाजिक तथा जनहित से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर आईडीए जबलपुर शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई दिशा देने की आशा व्यक्त की है।।

## माँ श्री शारदा आशीष दरबार में हुई कलश की स्थापना

जबलपुर। शक्ति की आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्तिनगर में परम पूज्य आशीष भैया जी के सान्निध्य में अखंड ज्योति कलश तथा खप्पर जवारे की स्थापना दरबार प्रांगण में की गई। शहर व अन्य प्रांत से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी दरबार में श्री विग्रह के समक्ष घट स्थापित कराऐ किए। मां की आराधना का यह क्रम 27 मार्च तक चलेगा। मंदिर प्रांगण में इस दौरान विविध अनुष्ठान होंगे।



दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ मां शारदा की महाआरती की जाएगी। मां श्री शारदा दरबार व्यवस्था समिति के मुकेश कुशवाहा , मिलन मुखर्जी,संजय बरहा, जयंत क्षीर सागर, पं.सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी , संतोष मिश्रा, नीरज पाण्डे, सरबजीत तग्गड़ , मनीष शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे, रवि गुजर, कौशलेन्द्र महाजन, के. के. तिवारी, आदर्श तिवारी, करन ठाकुर, राकेश ठाकुर, राम सिंह, ऐल्वीन भैया,खेमराज वशिष्ठ, गगन वशिष्ठ, सुनील सोनी, सुनील राजपूत, राम शंकर दुबे, तरनप्रीत सिंह, विवेक त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, रिपुंजय त्रिपाठी, बी.एल. नामदेव, श्रीमति मनजीत कौर तग्गड़ ,शीला मिश्रा, ज्योत्सना मुखर्जी, ममता बरहा, क्षमा त्रिपाठी, राजीव डनायक, आशीष डनायक, आरती द्विवेदी ,सीमा पासी, कृष्णा विश्वकर्मा, कल्पना महाजन, टीना ढौंडियाल ,जोशी अंटी, सिमरन कौर तग्गड़ , सीमा मिश्रा, मोनी पांडे, शीला गुजर , स्वाति गुजर, कमलेश बेरी, सुशील कुमार बेरी, पूजा डनायक ,पदमा डनायक , तिलक रतलानी, विमलेश मिश्रा, प्रकाश गायकवाड़ , खुशबु गायकवाड़ , ह्यप्रणिश भैया , आदि ने बताया कि मां श्री शारदा आशीष दरबार में हम सभी के मनोवांछित मनो मनोरथ पूर्ण होते रहे हैं ' दूर-दूर तक के भक्त अपनी मन्नतें हेतु श्रद्धा पूर्वक दरबार में अपनी उपस्थिति लगाने पहुंचते हैं।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ईजी टू लव नई कुशाक के लॉन्च के साथ वैल्यू, परफॉर्मेंस और सेफ्टी को नए सिरे से परिभाषित किया



जबलपुर। स्कोडा ऑटो इंडिया ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशाक की कीमतों और कस्टमर डिलीवरी शुरू होने की घोषणा कर दी है। इस साल जनवरी में लॉन्च हुई नई कुशाक, वैल्यू, सेफ्टी, ड्राइविंग डायनामिक्स के मामले में सबसे आगे है और पूरी रेंज में यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए लाने की ब्रांड की स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है। सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नया एट-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाजर, और कई नए फीचर्स के साथ-साथ स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ, नई कुशाक 1.0 टीएसआई और नई कुशाक 1.5 टीएसआई दोनों ही स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग और 5-स्टार सेफ्टी को भारतीय सड़कों पर ज्यादा आसानी से चलने वाली बनाने की स्ट्रैटेजी को फॉलो करती हैं। नई कुशाक पाँच ट्रिम्स में उपलब्ध है: क्लासिक+, सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टीज और मोंटे कार्लो, जो मैनुअल और रियल ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन का ऑप्शन देती है। कस्टमर्स के पास आठ रंगों- कैंडी व्हाइट, कार्बन स्टील, ब्रिलियंट सिल्वर, लावा ब्लू, और डीप ब्लैक में से चुनने का ऑप्शन है, जिसमें तीन बिल्कुल नए रंग शामिल हैं: शिमला ग्रीन, स्टील ग्रे, और चेरी रेड। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, स्कोडा में हमारा मिशन यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए उपलब्ध कराना और इसे ज्यादा कस्टमर्स के लिए आसान बनाना है। नई कुशाक के साथ, हम सच में पूरी रेंज में वैल्यू को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। नई कुशाक सभी वैरिएंट्स में कॉम्पिटिटिव वैल्यू प्राइसिंग, बेहतर स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स और ऑल-राउंड परफॉर्मेंस के जरिए सबसे आगे है। सेगमेंट में पहली बार दिए गए फीचर्स जैसे आठ-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स, रियर सीट मसाजर और जरूरी फीचर्स का स्टैंडर्डाइजेशन, एंट्री वैरिएंट से ही शानदार वैल्यू देते हैं। क्लास-लीडिंग सेफ्टी, बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स और ओनरशिप का गर्व नई कुशाक के साथ स्टैंडर्ड आता है।




सिमरिया स्थानांतरण पर उठे सवाल, आमजन व सरपंचों को होगी परेशानी—वर्तमान स्थान यथावत रखने की मांग

# जनपद पंचायत भवन शिफ्टिंग का विरोध तेज, सरपंच संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन





**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी– जनपद पंचायत सिवनी के प्रस्तावित स्थान परिवर्तन को लेकर अब विरोध तेज हो गया है। जिला सरपंच संघ सिवनी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को ज्ञापन सौंपकर जनपद पंचायत भवन को सिमरिया स्थानांतरित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।**

ज्ञापन में बताया गया है कि जनपद पंचायत सिवनी को लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम सिमरिया में स्थानांतरित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले सरपंचों, सचिवों और आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। विशेषकर गरीब और महिला प्रतिनिधियों के लिए आवागमन और अधिक कठिन हो जाएगा। सरपंच संघ का कहना है कि वर्तमान जनपद पंचायत भवन शहर के मध्य स्थित है, जहां तक पहुंचना सभी के लिए आसान है। जिले की 129 ग्राम पंचायतों से जुड़े लोग यहां आसानी से आ-जा सकते हैं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि 23 जुलाई 2025 को हुई सामान्य सभा की बैठक में इस विषय पर प्रस्ताव क्रमांक 4 लाया गया था, जिसका कई सदस्यों ने विरोध किया था। इसके बावजूद स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जिसे अनुचित बताया गया है। सरपंच संघ ने मांग की है कि नए भवन के निर्माण से पहले सभी संबंधित पक्षों की सहमति ली जाए। साथ ही सुझाव दिया गया है कि या तो वर्तमान स्थान को यथावत रखा जाए या फिर जिला पंचायत के सामने उपलब्ध भूमि पर नया भवन बनाया जाए। जिला सरपंच संघ अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा कि यह निर्णय सभी वर्गों को ध्यान में रखकर लिया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने की अपील की है।

धान मिल के पास करनपुर रोड पर दबिश, 7 पेटियों में भरी मिली देशी शराब

# लखनादौन पुलिस की कार्रवाई: 350 पाव अवैध शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी– अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत लखनादौन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।**

दिनांक 21 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी कि करनपुर रोड स्थित धान मिल के पास कुछ व्यक्ति अवैध शराब रखे हुए हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी और तीन आरोपियों को पकड़ लिया। जांच में उनके पास से 7 पेटियों में भरी कुल 350 पाव देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में लच्छू कुशवाहा (छतरपुर), परमानंद चीचले (सिवनी) एवं भैयालाल मरावी (मंडला) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिरकार आबकारी विभाग इस तरह के मामलों में कार्रवाई क्यों नहीं करता, जबकि अवैध शराब का कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक के.पी. धुर्वे, उपनिरीक्षक व्ही.एस. रघुवंशी सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

## दायित्व पद के लिए नहीं, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने के लिए होता है: सुजीत जैन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कटनी जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने बरघाट विधानसभा क्षेत्र के कुरई एवं सूकतरा मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लराष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम; उसके बाद संगठन, उसके बाद परिवार और अंत में मैं स्वयंह्व की भावना से कार्य करने वाले कार्यकर्ता ही संगठन को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करने वाले कार्यकताओं को सम्मानित करने की बात कही। सुजीत जैन ने संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की वैचारिक यात्रा जनसंघ काल से निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर पर सरकार होने के बावजूद संगठन की यात्रा अभी अधूरी है और कई लक्ष्य शेष हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे निरंतर प्रशिक्षण लेते रहें और संगठन विस्तार को प्राथमिकता दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन द्वारा दिया गया दायित्व केवल पद प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने के लिए होता है। कार्यकर्ता का आचरण पूरे संगठन का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए संयम और जिम्मेदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्य विस्तार के दौरान ऐसे कार्यकताओं को आगे लाया जाना चाहिए जो समाज में प्रभावी हों और कमजोर क्षेत्रों में संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें। चयन व्यापक दृष्टिकोण से होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत अपेक्षाओं के आधार पर। उन्होंने कहा कि सच्चा नेता वही है जो कार्यकताओं के दिलों में स्थान बनाए रखे। आगामी समय में संगठन विस्तार, शक्ति केंद्रों के पुनर्गठन एवं बूथ स्तर को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। महिला कार्यकताओं के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उनके समर्पण ने संगठन को मजबूती दी है।

डंपिंग यार्ड होने के बावजूद नदी तट बना कचरा जलाने का अड्डा, धुआं और प्रदूषण से हालात बिगड़े

# पवित्र बैनगंगा किनारे जल रहा कचरा नगर परिषद की लापरवाही से उठे सवाल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** नगर परिषद छपारा की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। शनिवार सुबह बैनगंगा नदी तट स्थित मोक्षधाम के पास बड़ी मात्रा में नगर का कचरा जलाते हुए देखा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में धुआं फैल गया और वातावरण दूषित हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वही स्थान है जहां पहले ग्राम पंचायत के समय कचरा फेंका जाता था, लेकिन जनजागरण और मीडिया की पहल से इस पर रोक लगाई गई थी। अब नगर परिषद बनने के बाद, जब कचरा निपटान के लिए अलग से डंपिंग यार्ड (जामुन पानी ग्राम के पास) बनाया गया है, तब भी नदी किनारे कचरा जलाना गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। बताया जा रहा है कि जलाए जा रहे कचरे में प्लास्टिक और अन्य हानिकारक पदार्थ शामिल हैं, जिससे जहरीला धुआं उठ रहा है और आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस स्थान पर कचरा जलाया जा रहा है, वहीं पर अज्ञात व्यक्तियों के शव भी दफनाए जाते हैं। ऐसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की गतिविधि न केवल अमानवीय है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है। नगरवासियों ने इस पूरे मामले में जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर रोक लग सके और पवित्र बैनगंगा नदी का संरक्षण हो सके।



## रामराज्य स्थापना महाअभियान में गीता दीदी ने बताया क्षमा का महत्व अहिल्या प्रसंग से दिया संदेश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर एफ-सी-आई गली नं. 3 स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, सिवनी के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा (थीम–रामराज्य की स्थापना का महाअभियान) में प्रवचनकर्ता योग शक्ति आदरणीय गीता दीदी जी ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने अपने प्रवचन में जीवन में क्षमा के महत्व को बताते हुए कहा कि क्षमा मनुष्य को महान बनाती है। उन्होंने देवराज इन्द्र और अहिल्या प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्द्र ने छल करने के बाद क्षमा याचना की, जिसके कारण आज भी उनकी पूजा होती है, वहीं रावण ने अपने अपराध पर अहंकार किया और समझाने के बावजूद नहीं माना, इसलिए आज भी उसका दहन किया जाता है। गीता दीदी जी ने अपने प्रवचन में ह्लअसली सीता और छाया सीताह्व के मार्मिक रहस्य को भी उजागर किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो उठे। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित म्यूजिकल एक्सरसाइज एवं मोटिवेशनल मेडिटेशन में उन्होंने देवी चंद्रघंटा के स्वरूप का महत्व बताते हुए कहा कि यह स्वरूप हमें आंतरिक विकारों जैसे लोभ, क्रोध पर सौम्यता और विनम्रता से विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अंदर के ह्यमहिषासुरह्ल का वध करना चाहिए, तभी जीवन में वास्तविक शांति और संतुलन प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डुण्डासिवनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नाबालिग बालिका सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

### शादी का झांसा देकर भगाने वाला युवक इंदौर से पकड़ा, पुलिस की तत्परता से परिवार को मिली राहत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी– डुण्डासिवनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया।**

जानकारी के अनुसार, दिनांक 27 दिसंबर 2025 को बालिका के अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री ग्राम डुंगरिया अपने मामा के यहां गई थी, जहां से उसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 584/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर बालिका की तलाश शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका की लोकेशन इंदौर में मिली। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल इंदौर पहुंची और बालिका को सुरक्षित बरामद कर सिवनी लाया गया, जहां उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी रोहित सेन (24 वर्ष), निवासी तकिया वार्ड छपारा, ने शादी का झांसा देकर बालिका को अपने साथ भगा लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक चैनसिंह उइके, उपनिरीक्षक बालकृष्ण त्रिगाम, साइबर सेल के देवेन्द्र जायसवाल सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ सिवनी की नई कार्यकारिणी घोषित, कृष्ण नन्दन श्रीवास्तव बने अध्यक्ष




### प्रदेश नेतृत्व की सहमति से हुआ गठन, जिले के पत्रकारों को मिली जिम्मेदारियां

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिवनी जिला इकाई वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन एवं संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन की सहमति से प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा की गई। नई कार्यकारिणी में कृष्ण नन्दन श्रीवास्तव (संवाददाता, सांध्य प्रकाश भोपाल) को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मनोज मर्दन त्रिवेदी (संपादक, दैनिक यशोन्नति) को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर संजय उइके, नरेन्द्र सोनी, सुधीर पाण्डे, बिलाल अंसारी, श्याम सोनी, जितेन्द्र नामदेव, आगा खान एवं राकेश आत्मपूज्य को जिम्मेदारी दी गई है। कन्हैया प्रजापति को जिला महासचिव एवं हरिओम सोनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर नरेश यादव, सुनील बंदेवार, जुगल किशोर श्रीवास, राजेन्द्र डहेरिया एवं राजेश जैन ह्यडालीह्ल को दायित्व सौंपा गया है। संयुक्त सचिव के रूप में जय कुमार डेहरिया, संतोष नामदेव, संतोष दुबे, हसीब मोहम्मद, देवराज डेहरिया, द्वारका श्रीवास्तव, सतीष मिश्रा एवं शिव दयाल यादव को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में जावेद खान, नवाज खान, अजय राय, आदिल खान, प्रदीप तिवारी, जितेन्द्र मिश्रा, चेतन गांधी एवं मुकेश सेन को शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी से जिले में पत्रकार हितों के संरक्षण एवं संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी, उल्लंघन पर लगेगा जुमार्ना

**सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने रबी मौसम 2025-26 में फसलों की कटाई के बाद पराली/नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रतिबंधात्मकआदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में पराली/नरवाई में आग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिले में संचालित कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ रीपर या स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम की अनिवार्य रूप से जांच एवं निगरानी की जाएगी। बिना इन उपकरणों के हार्वेस्टर संचालन पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत पराली/नरवाई जलाने पर अर्थदण्ड निर्धारित किया गया है– 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500 रुपये प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ तक 5000 रुपये प्रति घटना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 रुपये प्रति घटना वसूले जाएंगे।



## ईद-उल-फितर शांति और भाईचारे के साथ मनाई गई, मुस्लिम समाज ने अदा की नमाज

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** जिले भर में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास, अमन-चैन और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की और देश-प्रदेश की खुशहाली एवं आपसी सौहार्द के लिए दुआ मांगी। शहर के राज्य परिवहन बस स्टैंड स्थित मस्जिद नूर अंबिया के सामने मैदान में भी बड़ी संख्या में नमाजियों ने एकत्र होकर ईद की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिला। ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा जिले भर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं नगरपालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। इस अवसर पर सूफी सामाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रजा कादरी एवं बस स्टैंड सिवनी कमेटी के सदस्यों–शोएब भाई, नौशाद भाई, बाबा भाई, जिशान भाई, नाजिम भाई, मोहसिन भाई, नौशान भाई, नब्बू भाई, अहसान भाई, जुनेद भाई एवं नूर अली शाह–ने नगरपालिका परिषद, जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन तथा मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

## 23 मार्च से शुक्रवारी चौक में सजेगा श्रीराम दरबार, प्रतिदिन होगी संगीतमय महाआरती

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के आस्था केंद्र शुक्रवारी चौक में 23 मार्च से 26 मार्च तक श्रीराम दरबार की स्थापना की जाएगी। इस दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से संगीतमय महाआरती एवं सुमधुर भजनों का आयोजन किया जाएगा, जो रामभक्तों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। ज्ञातव्य है कि पिछले सात–आठ वर्षों से नगर में श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन निरंतर भव्य रूप लेता जा रहा है। रामभक्त युवाओं एवं सनातन समाज द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों को ध्वज–पताकाओं और तोरण द्वारों से सजाकर उत्सव का रूप दिया जाता है। शुक्रवारी चौक में श्रीराम दरबार की स्थापना एक अनूठी परंपरा बन चुकी है, जिससे प्रेरित होकर प्रदेश के अन्य नगरों में भी इसी प्रकार के आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। धार्मिक जागरण एवं सनातन समाज में एकजुटता लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। संगीतमय महाआरती इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होती है, जिसमें भक्तिमय भजनों के साथ सामूहिक राष्ट्रगान भी किया जाता है। इस दौरान पूरा क्षेत्र धार्मिक एवं राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग जाता है। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को बूंदी का प्रसाद वितरित किया जाता है। साथ ही प्रतिदिन प्रात: 9 बजे श्रीराम दरबार में आरती भी आयोजित की जाएगी। रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को सुबह 10 बजे से श्रीराम मंदिर में भजन एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के साथ आरती, मंगलगान एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे से शुक्रवारी चौक से श्रीराम दरबार की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न सुसज्जित मार्गों से होकर पुन: शुक्रवारी चौक में समाप्त होगी। उक्त आयोजन श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति, श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं बालस्वरूप हनुमान मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में रामभक्त, युवा एवं मातृशक्ति भगवा ध्वज एवं भजनों के साथ शामिल होकर पूरे नगर को राममय बनाएंगे।

## अनुकम्पा नियुक्ति घोटाले की गूंज दिल्ली तक दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी–** जिले के जनजाति कार्य विभाग में चर्चित अनुकम्पा नियुक्ति घोटाले का मामला अब प्रदेश स्तर से होते हुए दिल्ली तक पहुंच गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया ने नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के आवास पर पहुंचकर पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी और दोषियों पर कार्रवाई के लिए सहयोग की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिग्विजय सिंह ने इसे तत्काल संज्ञान में लिया और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि अब तक हुई जांच में केवल एक वर्ष की नियुक्तियों की ही पड़ताल की गई है, जबकि यह घोटाला पिछले करीब पांच वर्षों से चलता आ रहा है। ऐसे में यदि पूरे पांच वर्षों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, तो कई और अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। स्थानीय स्तर पर भी इस मामले को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जनजाति कार्य विभाग पहले से ही अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चचाओं में रहा है और कई बार निर्माण कार्यों में गड़बड़ी तथा कार्रवाई के नाम पर टालमटोल जैसे आरोप लगते रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इस पूरे मामले में शासन स्तर पर क्या कार्रवाई होती है और जांच का दायरा कितना बढ़ाया जाता है।

# स्वयं को स्वस्थ रखने के लिये खेलों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदान किये पंख खेल पुरस्कार-2026

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय जीवन पद्धति में खेलों का विशेष महत्व रहा है। रामायण और महाभारत काल में भी खेल और शरीर को स्वस्थ रखने में व्यायाम के महत्व का कई स्थानों पर उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में यह माना गया है कि खेल हमें स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम है। खेल जब तक हमारी जीवनशैली का भाग रहेंगे, हम बीमार नहीं होंगे। इसी का परिणाम है कि निरोगी काया को ही उत्तम सुख माना गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक निजी टीवी चैनल द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित पंख खेल पुरस्कार 2026 के अंतर्गत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में टॉक-शो के प्रश्नों के उत्तर देते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रानी कमलापति



रेल्वे स्टेशन स्थित होटल हयात प्लेस बंसल प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं और उन्हें प्रोत्साहन दे रहे व्यक्तियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वस्थ तन और प्रसन्न मन के साथ लक्ष्य की स्पष्टता और निरंतर प्रयासरत रहना सफलता के लिये आवश्यक है। राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी जिलों में खेल सुविधाओं का विस्तार और उन्नयन किया जा रहा है। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। आठ लाख आबादी वाले उज्जैन में 30 करोड़ लोगों के लिये व्यवस्था करना राज्य सरकार के सामने बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार प्रदेशवासियों के सहयोग से सिंहस्थ-2028 के आयोजन में सफल होगी। उन्होंने जनसामान्य को अपनी रोजमर्रा के जीवन के साथ आध्यामिक द्दटिकोण को भी विकसित करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर पंख खेल पुरस्कार से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

# भोपाल में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत पर प्रदर्शन

## महिलाओं को बांटे चूल्हे; इधर, कालाबाजारी करने वालों पर नजर

भोपाल। भोपाल में एलपीजी संकट बरकरार है। होटल और रेस्टोरेंट को पिछले 10 दिन से कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, तो घरेलू सिलेंडर की भी किल्लत है। बुकिंग कराने के 2 से 4 दिन के बाद ही सिलेंडर मिल रहे हैं। इसे लेकर आम लोगों में गुस्सा है। वहीं, कांग्रेस भी प्रदर्शन कर रही है। शनिवार को जिला प्रशासन की टीमें शहर के अलग-अलग स्थानों पर घूमती रही। ताकि, स्टॉक या कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई हो सके। एक दिन पहले शुक्रवार को 4 जगहों से कुल 36 सिलेंडर जब्त किए गए थे। इनमें घरेलू और कमर्शियल दोनों ही तरह के सिलेंडर शामिल हैं। फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि टीम गोडाउन और एजेंसियों पर भी नजर रख रही है। वहीं, घरेलू सिलेंडर का यदि कमर्शियल तरीके से उपयोग हो रहा है तो उस पर भी कार्रवाई की जा रही है।




**प्रभात चौराहे के पास गैस एजेंसी के सामने प्रदर्शन :** शनिवार को प्रभात चौराहे के पास एक गैस एजेंसी के सामने कांग्रेसियों ने सिलेंडर नहीं मिलने पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने प्रभात चौराहे पर महिलाओं को चूल्हे बांटकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के डर के चलते आज भारत की सरकार रूस से रसोई गैस का आयात करने का फैसला नहीं ले पा रही है। जिसके चलते पूरा देश सिलेंडर की तलाश में भटक रहा है। गलत नीतियों की वजह से देश में गैस सिलेंडर की कमी हो गई है और रातोंरात प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए गए हैं। आने वाले समय में देश कई पेट्रोलियम उत्पादों की कमी से जूझेगा और आम जनता को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**चूल्हे पर रोटियां बनानी पड़ेगी, इसलिए चूल्हे बांटे :** प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आने वाले समय में चूल्हे पर रोटी बनाना पड़ सकती हैं। इसीलिए आज विरोधस्वरुप टीन के चूल्हे बांट रहे हैं। शुक्ला ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत निर्धन परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वायदा किया था, जो वर्तमान में झूठा साबित हो रहा है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष खत्री ने मामले में जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि रसोई गैस की किल्लत का फायदा उठाकर एजेंसी संचालक मनमाने दाम पर सिलेंडर सप्लाई कर रहे हैं। रात के अंधेरे में सिलेंडर से भरे हुए ट्रक शहर में घूम रहे हैं, जबकि दिन के वक्त इन्हें तलाश पाना मुश्किल है। कांग्रेस ने मांग की है कि जिला प्रशासन तत्काल ऐसे एजेंसी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करें।

इस अवसर पर तारीक अली, विजेंद्र शुक्ला, दीपक दीवान, आशीष शर्मा, अमजद लाला, अनस उर रहमान, मोहम्मद आमिर, अलमास अली, अहमद खान, साद उस्मानी, रविशंकर मिश्रा, मनोज बाथम आदि मौजूद थे।

# डॉक्टरों ने मृत बताया, कुछ देर बाद हिलने लगा नवजात

## भोपाल के हमीदिया में फिर लापरवाही; परिजन का हंगामा, पुलिस बुलानी पड़ी

भोपाल। भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक बार फिर नवजात को मृत घोषित करने के बाद उसमें हरकत दिखने का मामला सामने आया है, जिससे अस्पताल में विवाद की स्थिति बन गई। शुक्रवार को 6 माह की गर्भवती महिला की इमरजेंसी डिलीवरी के बाद बच्चे को मृत बताया गया, लेकिन कुछ देर बाद धड़कन जैसे संकेत मिलने पर परिजन आक्रोशित हो गए। इससे पहले भी बुधवार को इसी तरह का मामला सामने आ चुका है, जिसमें मृत घोषित बच्ची में सांसें चलने का दावा किया गया था। हमीदिया अस्पताल में परिजनों का देर रात 12 बजे तक हंगामा होता रहा। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि यह



अत्यंत प्री-मेच्योर एबॉर्टस केस था, जिसमें ऐसी स्थिति संभव होती है।

**इमरजेंसी डिलीवरी के बाद नवजात को मृत घोषित किया :** जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे मानताशा नाम की महिला हमीदिया अस्पताल के ब्लॉक-2 में गंभीर हालत में पहुंची। महिला लगभग 6 महीने की गर्भवती थी। अस्पताल पहुंचने के समय ही शिशु का सिर बाहर आ चुका था। स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत लेबर रूम में भर्ती कर इमरजेंसी डिलीवरी कराई। इसके बाद परिजनों को बताया गया कि बच्चा मृत पैदा हुआ है, लेकिन कुछ समय बाद नवजात में हलचल जैसी स्थिति दिखने लगी, जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया और अस्पताल में हंगामा शुरू हो गया।

**हंगामे के बाद पुलिस को बुलाना पड़ा :** परिजनों के हंगामे को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई और कोहेफिजा टीआई के.जी. शुक्ला को बुलाया गया।

# हाई-प्रोटीन डाइट शौकीन असलम का जेल में वजन घटा

भोपाल। भोपाल नगर निगम के स्लॉटर हाउस से निकले मांस में गोमांस की पुष्टि के बाद गिरफ्तार असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा को 70 दिन बाद सेशन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार (18 मार्च) रात उसकी रिहाई हो गई। हालांकि, जेल से निकलते ही उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार (19 मार्च) को रिहाई के महज 22 घंटे बाद असलम चमड़ा के खिलाफ ठरअ के तहत कार्रवाई की गई और दोबारा जेल में दाखिल कर दिया गया। लग्जरी लाइफ और हाई-प्रोटीन डाइट लेने वाले असलम का जेल में रहने के दौरान चार किलो वजन कम हो गया है।

# छिंदवाड़ा में गंगा-जमुनी तहजीब के बीच बनी ईद

## बड़ी ईदगाह में सुबह 7:30 बजे हुई नमाज, पूर्व सांसद नकुलनाथ ने दी मुबारकबाद

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में शनिवार सुबह ईद का पर्व पूरे हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया, जहां बड़ी व छोटी ईदगाह सहित जामा और रिसाला मस्जिद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला प्रशासन के अधिकारियों और स्थानीय नेताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, वहीं हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए शहर में एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयां खिलाने और जश्न मनाने का यह सिलसिला अगले 3 दिनों तक जारी रहेगा। शहर की बड़ी ईदगाह में शनिवार सुबह 7:30 बजे मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद छोटी ईदगाह में सुबह 8:00 बजे नमाज हुई। वहीं, शहर की जामा मस्जिद और रिसाला मस्जिद में भी ईद की विशेष नमाज अदा की गई।

**पूर्व सांसद नकुलनाथ और प्रशासनिक अधिकारियों ने दी बधाई :** ईदगाहों में नमाज



के दौरान परंपरा के अनुसार जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे और लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व सांसद नकुलनाथ भी पहुंचे और नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी।

**मुबारकबाद देने पहुंचे ये स्थानीय नेता :** मुबारकबाद देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, वरिष्ठ नेता आनंद बक्शी, सुरेश कपाले और नितिन उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे। सभी ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को गले मिलकर बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

**दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, सेवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया :** ईद के मौके पर छिंदवाड़ा में गंगा-जमुनी तहजीब की तस्वीर देखने को मिली। मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह पहुंचकर मुबारकबाद दी और गले मिलकर आपसी सौहार्द को मजबूत किया। शहर में कई जगहों पर लोग एक-दूसरे के घर जाकर ईद की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस दौरान सेवइयां और शीर खुरमा से मेहमानों का मुंह मीठा कराया जा रहा है। आपसी प्रेम और भाईचारे का यह सिलसिला आने वाले तीन दिनों तक जारी रहेगा, जो छिंदवाड़ा की सामाजिक एकता की पहचान बन चुका है।

# भोपाल के कारोबारी को लॉरेंस गैंग की धमकी

## व्हाट्सएप कॉल कर 10 करोड़ मांगे, मना करने पर हमला कराने की बात कही

भोपाल। भोपाल के कोलार रोड इलाके में एक कारोबारी को विदेशी नंबरों से कॉल कर 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लॉरेंस गैंग से जुड़ा बताते हुए धमकियां दीं। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इससे पहले इंदौर के साउथ तुकोगंज इलाके में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी संजय जैन को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली थी। संजय ने मामले में क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी।

**व्हाट्सऐप कॉल कर मांगे 10 करोड़ :** पुलिस के अनुसार पार्वती नगर निवासी रियल एस्टेट और सराफा कारोबारी 42 वर्षीय गौरव जैन ने कोलार रोड थाने में लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि 18 मार्च



गौरव जैन, रियल एस्टेट और सराफा कारोबारी

की रात करीब 10:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को हैरी बॉक्सर बताते हुए कहा कि वह लॉरेंस गैंग से जुड़ा है और गौरव जैन को 10 करोड़ रुपए तैयार रखने होंगे। साथ ही उन्हें अपने परिचितों से मिल लेने और उसके बारे में इंटरनेट पर जानकारी जुटाने की बात भी कही।

**दूसरे कॉल में गाली-गलौज और हत्या की धमकी :** शिकायतकर्ता ने शुरूआती कॉल को फर्जी मानकर नजरअंदाज कर दिया, लेकिन 20 मार्च की सुबह करीब 10:56 बजे दूसरे नंबर से फिर कॉल आया। इस बार आरोपी ने सीधे पैसे के बारे में पूछा। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने कहा कि अगर रकम नहीं दी गई तो उसके गुर्गे कहीं भी हमला कर सकते हैं और अंजाम गंभीर होगा। पीड़ित के मुताबिक कॉल के बाद लगातार व्हाट्सऐप पर धमकी भरे ऑडियो मैसेज भी भेजे गए, जिनमें आरोपी ने रैकी होने और हथियार से हमला कराने की बात कही। इससे भयभीत होकर उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

**ऑडियो और स्क्रीनशॉट के आधार पर जांच शुरू :** कोलार रोड थाना पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। साथ ही भेजे गए ऑडियो और स्क्रीनशॉट को भी जांच में शामिल किया गया है।

# जिला अस्पताल निरीक्षण में टॉयलेट में गंदगी और बदबू मिली

## रायसेन सीएमएचओ तत्काल सफाई करवाई, दवा स्टॉक जांचा; दीवानगंज पीएचसी भी पहुंचे

रायसेन। रायसेन के (सीएमएचओ) डॉ. एच.एन. मंडरे ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के टॉयलेट में गंदगी और बदबू पाई। स्थिति को देखते हुए, उन्होंने मौके पर





सिविल सर्जन को बुलाया और सफाई कर्मचारियों से तत्काल सफाई करवाई। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सीएमएचओ डॉ. एच.एन. मंडरे को जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में डॉ. मंडरे ने यह आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, डॉ. मंडरे ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीजों से उनके उपचार के संबंध में जानकारी ली। सीएमएचओ ने दवा वितरण कक्ष और स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर की जांच की।

**नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए :** उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. यशपाल बाल्यान को मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद, डॉ. मंडरे दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे। यहां उन्होंने अस्पताल बंद होने और डॉक्टर सहित कर्मचारियों की अनुपस्थिति संबंधी शिकायतों की जांच की। हालांकि, उनके पहुंचने पर अस्पताल खुला पाया गया और सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का बीम महिला पर गिरा, मौत

## बैतूल में पंचायत निधि से बना; दीवार में दरार की आने पर की थी तोड़फोड़

बैतूल। बैतूल में खेड़ी सांवलीगढ़ के नवनिर्मित पंचायती शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एक बड़ा हादसा हो गया। दीवार तोड़ते समय छत का सीमेंट का बीम गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय छाया पति पंजाबराव के रूप में हुई है। हादसे में उनका चेहरा बुरी तरह चोटिल हो गया था। घायल मजदूर 58 वर्षीय डीका शेषराव का इलाज जारी है। दोनों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने छाया को मृत घोषित कर दिया। मृतिका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पंचायत



निधि से लगभग छह माह पहले 15 दुकानों के साथ बनाया गया था। दुकान आवंटन के बाद एक दुकानदार ने दुकान में दरार आने की शिकायत की थी। इसी के बाद पंचायत ने मरम्मत कार्य के लिए मजदूरों को लगाया गया था। मरम्मत के दौरान दीवार तोड़ते समय यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि दीवार तोड़ते समय दीवार तो कॉम्प्लेक्स के पीछे गिर गई लेकिन बीम महिला मजदूर पर जा गिरा। इस घटना ने कॉम्प्लेक्स के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि यह कॉम्प्लेक्स 15 दिन पहले ही तैयार हुआ बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापार, शिक्षा और समाज सेवा सभी क्षेत्रों में सिंधी समाज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया : सीएम डॉ.यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर आगे बढ़ रही है। हर समुदाय की परंपराओं और संस्कृति को सम्मान देना और सभी को समान अवसर उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है। चाहे व्यापार हो, शिक्षा हो या समाज सेवा, सिंधी समाज ने अपने परिश्रम समर्पण और सकारात्मक सोच से समाज को नई दिशा देते हुए प्रदेश और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शीघ्र ही मुख्यमंत्री निवास में सिंधी समाज की विशेष पंचायत आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंधी समाज के नववर्ष के रूप में मनाये जाने वाले भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड के अवसर पर रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाज बंधुओं को पर्व की मंगलकामनाएं दीं। विधायक श्री भगवान दास सबनानी तथा सिंधी सेंट्रल पंचायत के प्रतिनिधि कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भजन



और सांगीतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चेटीचंड नव वर्ष के आरंभ का प्रतीक होने के साथ आस्था, एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतिबिंब है। यह पर्व हमें भगवान झूलेलाल की शिक्षाओं के अनुरूप सद्भाव, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंधी समाज ने संघर्ष और कठिनतम परिस्थितियों में स्वयं को पुनः स्थापित करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। लगभग 1200 वर्ष पहले राजा दाहिर द्वारा विधर्मियों से धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए किया गया योगदान इतिहास में दर्ज है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश विभाजन की कठिनाइयों का भी सिंधी समाज ने दृढ़ता और साहस के साथ सामना किया तथा संघर्ष कर पुनः स्वयं को स्थापित कर अपनी पहचान बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद हेमू कालानी का स्मरण किया और भारतीय राजनीति में श्री लालकृष्ण आडवानी के योगदान की सराहना की। विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव आम आदमी की समस्याओं की प्रति संवेदनशील हैं। उनके नेतृत्व में व्यापार, उद्योग, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है और प्रदेशवासियों को इसका लाभ भी मिल रहा है। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# कार्यकताओं में नकेल नही कस पाए नकुलनाथ

## कांग्रेस के कार्यक्रम में कार्यकर्ता आपसे में भिड़े





**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** शुक्रवार को कांग्रेस द्वारा रानी अंबती बाई के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुल नाथ भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ जिले भर से आए कांग्रेस कार्यकताओं में भी उत्साह दिखा। लेकिन कार्यक्रम पूर्ण होने की आधिकरिक घोषण के बाद केवल सांसद नकुल नाथ के मंच से उतरते ही कार्यक्रर्ता आपस में भिड़ गए और आरोप - प्रत्यारोप के साथ हाथ पांव भी चलाना प्रारंभ हो गया। मौके पर उपस्थित पुलिस द्वारा मामले का मोर्चा संभाला और कार्यकताओं को अलग - अलग कर मामले को शांत कराया गया। लेकिन इस घटना की चर्चा बांस के जंगल मे आग की तरह फैल गई।

### प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मध्य प्रदेश लगातार पिछड़ रहा है सरकार लोगों की सुन नही रही गूंगी बहरी बनी हुई है। युवा किसान और महिलाएं परेशान हैं। उक्त आरोप वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस द्वारा जनपद कॉम्लेक्स में आयोजित समारोह में पूर्व



मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र एवं छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने लगाए। श्री नाथ ने रानी अवंती बाई के बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके संघर्ष से हम प्रेरणा लेना है और आज कांग्रेस को प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरना होगा। क्योंकि प्रदेश किसान युवा और महिला उत्पीड़न के मामलों में देश में अव्वल बन रहा है। सरकार हर मोर्चे पर असफल हो रही है महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है और किसान परेशान है भ्रष्टाचार चरम पर है। आपने कहा कि अनेक स्थानों पर आंधी और बारिश के कारण रवि फसल को नुकसान हुआ है हमारी मांग है कि तत्काल सरकार सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दे। गैस, पेट्रोल को लेकर भी सरकार पर तंज कसा।

### मुख्य कार्य तो हुआ ही नही

कार्यक्रम मुख्य रूप से जिले के कांग्रेस कार्यकताओं मे संगठित रहने व उत्साह बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था परन्तु कार्यक्रम पूरा होने के बाद अतिथि मंच से पूरी तरह उतर पाते उसके पूर्व ही कार्यकर्ता आपस मे अभद्रता करने लगे और एक दूसरे पर हाथ पांव की जोर अजमाइस चालू हो गई। कार्यकताओं को आपस मे मारपीट करते हुए देखा तो पुलिस ने बीच मे आकर मामले शांत कराते हुए कार्यकताओं को अलग - अलग किया गया। हालाकि उक्त मामले मे किसी भी गुट द्वारा प्रकरण दर्ज नही कराया गया। उक्त घटना को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी आयोजनकताओं द्वारा नही दी गई। विवाद का कारण अभी भी आधिकारिक नही है। लेकिन कार्यकताओं मे धक्कामुक्की हुई है।

### वर्चस्व का हुआ टकराव

कांग्रेस द्वारा रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर छिंदवाड़ा पूर्व सांसद नकुल नाथ जन सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद नेता मंच से उतर रहे थे तभी तनाव से पूर्ण कार्यकर्ता आपस मे भिड़ गए। विवाद की वजह क्या थी कोई स्पष्ट नही कर पा रहा है लेकिन बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक सुनील जयसवाल एवं लाखन सिंह के सर्मथक आपस मे भिड़ थे। उक्त घटना से ये साबित हो गया कि कांग्रेस के अंदर खाने चल रही गुटबाजी पूरी तरह रोड पर भी आ गई। यह घटना नेताओं के वर्चस्व का टकराव बताया जा रहा है। विचारणीय यह भी है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता मंच पर थे कार्यकताओं को चाहिए था कि मंच बैठे उनके नेताओं का तो लिहाज कर लेते। घटना के समय मंच जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, नरसिंहपुर जिला कांग्रेस प्रभारी आलोक मिश्रा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया, पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, विनय सक्सेना, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, नरेंद्र राजपूत, दीवान शैलेंद्र सिंह, मनीष साहू, धनीराम पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दो- दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन कराने के निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के द्वारा पात्रतानुसार पीडीएस योजनांतर्गत मार्च- अप्रैल एवं मई-जून 2026 माह में दो-दो माह का राशन सामग्री एक मुश्त अग्रिम आवंटन उठाव एवं वितरण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि माह मार्च एवं अप्रैल 2026 के लिए 31 मार्च 2026 तक उठाव और माह मार्च एवं अप्रैल माह का एकमुश्त वितरण 10 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इसी तरह माह मई एवं जून 2026 के लिए 15 अप्रैल से 15 मई 2026 तक उठाव और एक मई से 31 मई 2026 तक वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न मात्रा का उठाव मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकताओं के माध्यम से समय सीमा में पूर्ण कराएं। उठाव तथा वितरण व्यवस्था के प्रचार- प्रसार के लिए उचित मूल्य दुकान पर फ्लैक्स बैनर प्रदर्शित कराया जाना अति आवश्यक है। साथ ही उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से पात्र परिवारों की ई-केवायसी एवं नवीन पात्र परिवारों के सदस्यों की ई-केवायसी की कार्यवाही भी सामांतर रूप से जारी रहेगा।

## जहरीली वस्तु के सेवन से व्यक्ति की मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार पिता मुन्नालाल प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी देवनगर नया थाना मुंगवानी द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु के सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी निवासी की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेतराम पटेल पिता हल्के लोधी अपने खेत में सिचाई कार्य करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## सेल्फॉस के सेवन से व्यक्ति की मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज निवासी व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों से सेल्फॉस का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलत पटेल पिता नेतराम उम्र 36 वर्ष निवासी डोंगरगांव थाना स्टेशनगंज द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु के सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में गतिविधियां आयोजित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ किया। इसी क्रम में विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर स्थित सींगरी नदी के बाबाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू वार्ड, गांधी वार्ड एवं राजीव वार्ड के वार्ड विकास प्रस्फुटन समितियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जल कलश पूजन, सूर्य उपासना एवं अर्घ्य अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सूर्य ध्वज की स्थापना की गई।

## संबल योजना अंतर्गत श्रमिकों की ई-केवायसी अनिवार्य

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत और मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों की ई-केवायसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवायसी के माध्यम से श्रमिकों की पहचान एवं पात्रता का सत्यापन किया जाएगा, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। जिन श्रमिकों द्वारा अभी तक अपना ई-केवायसी नहीं कराया है, वे शीघ्र ही नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा संबंधित कार्यालय में जाकर अपना ई-केवायसी पूर्ण कराएं।



## दिल्हेरी में जनसुनवाई का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गिवत दिवस शक्कर बांध परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में जनसुनवाई का आयोजन ग्राम दिल्हेरी, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर में किया गया। यह जनसुनवाई अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर एवं रीजनल ऑफिसर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने परियोजना से संबंधित अपनी आपत्तियां एवं सुझाव लिखित तथा मौखिक रूप से अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। अधिकारियों द्वारा सभी प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों को विधिवत दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्यवाही हेतु संज्ञान में लिया गया।

## तिलक वंदन कर किया स्वागत



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस वैश्य महासम्मेलन की स्थापना दिवस एवं चैत्र नवरात्रि हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर वैश्य महासम्मेलन नरसिंहपुर इकाई द्वारा स्थानीय सदर मढ़िया परिसर में उपस्थित जन समुदाय को तिलक वंदन कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री इंजी. सुनील कोठारी जिला महामंत्री विनीत नेमा तहसील इकाई अध्यक्ष इंजी. के के सोनी विकास नेमा एडवोकेट संदीप नेमा एवं बड़ी संख्या में वैश्य बंधु एवं मात्रशक्ति उपस्थिति रही।

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने सिंगरी नदी पुनर्जीवन का जायजा लिया

## लोगों से की अपील- जनसहभागिता से अभियान को मिलेगा बल

नरसिंहपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को नरसिंहपुर जिले के प्रवास पर रहे। उन्होंने जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत मगरधा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिंगरी नदी के पुनर्जीवन कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री पटेल ने मगरधा गांव में पुल के पास नदी के पूर्व और पश्चिम तटों पर चल रहे सेवा कार्य में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मशीनों के साथ-साथ जनभागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। हर व्यक्ति अपनी क्षमतानुसार योगदान दे सकता है, इसलिए किसी का उपहास नहीं उड़ाना चाहिए। मंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे कार्य दृढ़ संकल्प और निरंतरता से ही सफल होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग सीधे श्रमदान नहीं कर पाते, वे जागरूकता फैलाकर भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। गांव-गांव जाकर लोगों को समझाना भी सेवा का एक अहम हिस्सा है।



**दमोह का दिया उदाहरण :** इस दौरान उन्होंने दमोह में तालाब सफाई अभियान का उदाहरण दिया, जहां शुरूआत में कम लोग जुड़े थे, लेकिन धीरे-धीरे जनसहभागिता बढ़ी और अभियान सफल रहा। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सेवा कार्य संख्या पर नहीं, बल्कि संकल्प पर आधारित होता है। सिंगरी नदी के पुनर्जीवन को प्राथमिकता बताते हुए मंत्री पटेल ने जानकारी दी कि पूर्व में भी अभियान के तहत 10 किलोमीटर क्षेत्र को साफ कर अतिक्रमण मुक्त किया गया था। आने वाले समय का लक्ष्य है कि सिंगरी नदी में मां नर्मदा का स्वच्छ जल प्रवाहित हो। उन्होंने सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जिला पंचायत के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार करें। बरसात से पहले सभी संरचनात्मक कार्य पूर्ण किए जाएं। आवश्यकता पड़ने पर विधायक निधि से भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## नरसिंहपुर में नेशनल हाईवे-45 पर शख्स की लाश मिली

### एक दिन पहले पत्नी के साथ तेंदूखेड़ा आया था, बेटा 15 दिन से लापता

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को नेशनल हाईवे-45 पर एक 45 वर्षीय शख्स का शव मिला। रेशम केंद्र और जलसा ढाबा के पास मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक की पहचान मदनपुर निवासी राकेश ठाकुर (45) के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार, राकेश शुक्रवार को अपनी पत्नी के साथ तेंदूखेड़ा आए थे। शाम को पत्नी तो घर लौट गईं, लेकिन राकेश वहीं रुक गए और उसके बाद से लापता थे। शनिवार सुबह डायल 112 पर सूचना मिली कि हाईवे किनारे एक शव पड़ा है, जिसकी शिनाख्त राकेश के रूप में हुई। तेंदूखेड़ा थाने के सब इंस्पेक्टर अभिषेक जैन ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह सड़क हादसे का मामला लग रहा है, लेकिन मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

**बेटा भी कई दिनों से लापता :** इस दुखद घटना के बीच एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। मृतक राकेश ठाकुर का 22 वर्षीय बेटा अरुण ठाकुर भी पिछले 10-15 दिनों से लापता है। अरुण पोस्ट ऑफिस में काम करता था, लेकिन जनवरी से ड्यूटी पर नहीं जा रहा था। परिजन ने पहले ही उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा रखी है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## कब्रस्तान भूमि को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस मुस्लिम समुदाय द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मौजा कंदेली जरजोला स्थित खसरा नं. 70/2 कब्रस्तान भूमि व जामा मस्जिद भूमि पर अनावेदकगणों प्रहलाद यादव पिता चंद्रभान यादव, श्याम यादव, राजेश पिता इमरत यादव, हेमराज पिता भगावानदास यादव, श्रीमति जमना बाई पत्नि सुंदरलाल नाल यादव, चंद्रभान यादव, आ. पूरनलाल यादव, हीरालाल आ. गोकल यादव, श्रीमति गीता पिता राजेश यादव, श्रीमति उमा साहू पति राकेश साहू इत्यादि के द्वारा जबरदस्ती मार्ग बनाया जा रहा व सीमांकन किये तार बाउंड्री को तोड़ा जा रहा है। आवेदकगणों द्वारा मना करने पर अनावेदकगणों झगड़े पर आमादा है। ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556, 9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर (म.प्र.)

## बाबा बनकर ठग ने महिला से लाखों के जेवर और नकदी हड़पे; शिकायत दर्ज

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में सोना दोगुना करने का झांसा देकर एक महिला से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी ठगने का मामला सामने आया है। घटना शहर के छिंदवाड़ा बायपास क्षेत्र की बताई जा रही है। स्टेशनगंज थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, बांसकुंवारी रोड हाईवे के पास रहने वाली महिला रजनी विश्वकर्मा (50) अपनी मां के साथ रहती हैं। उनके परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले अजय मेहरा उर्फ अज्जू ने उन्हें एक कथित बाबा का मोबाइल नंबर दिया था और उससे संपर्क करने की सलाह दी। जब रजनी ने उस नंबर पर बात की, तो सामने वाले व्यक्ति ने खुद को मुल्ला अजमेर बताया। उसने तंत्र-मंत्र के जरिए सोना दोगुना करने का झांसा दिया और महिला को विश्वास में लिया कि एक विशेष प्रक्रिया से उनका सोना दोगुना किया जा सकता है।

**ठग के झांसे में आकर महिला ने प्लॉट में रखा सामान :** ठग के निर्देशों पर महिला ने अपने लगभग 10 तोला सोने के जेवर जिसमें चेन, झुमकी, अंगूठियां, चूड़ियां, हार और पायल शामिल थे। लगभग 60 हजार रुपये नकद और अपना मोबाइल फोन एक लाल कपड़े में बांधा। यह सारा सामान उसने घर के पास स्थित एक खाली प्लॉट में रख दिया। ठग ने उसे सामान रखने के बाद पीछे मुड़कर न देखने और एक घंटे बाद वापस आने का सख्त निर्देश दिया था।

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

रीवा से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा को झटका

# हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका खारिज करने से किया इंकार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। रीवा जिला की सेमरिया विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा को हाईकोर्ट से झटका लगा है। उनके निर्वाचन को चुनौती देते हुए दायर की गयी चुनाव याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज करने से इंकार कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका में उठाये गये मामले को ट्रायल के दौरान ही तथ्यो व साक्ष्यो पर परखा जा सकता है। रीवा जिला की सेमरिया विधानसभा सीट पर साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के पराजित उम्मीदवार के पी त्रिपाठी ने निर्वाचित कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी।**



कांग्रेस विधायक ने चुनाव याचिका खारिज किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया था। आवेदन की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता का आरोप है कि निर्वाचित विधायक के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है। उन्होने अपने चुनाव के हलफनामा में कोई अपराध दर्ज होने की जानकारी नहीं दी है। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी प्रस्तुत की थी। अनावेदक विधायक की तरफ से तर्क प्रस्तुत किया गया कि निर्वाचन पत्र प्रस्तुत करते हुए उनके खिलाफ कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं था। याचिकाकर्ता की तरफ से यह भी आरोप लगाये गये कि निर्वाचित विधायक ने अपने हलफनामा में आर्थिक जानकारी भी छुपाई है। उनके नाम पर एचडीएफसी बैंक में 50 लाख 87 लाख रुपये का लोन बकाया है। अनावेदक विधायक की तरफ से तर्क दिया गया कि लोन मेसर्स अभय मिश्रा कॉन्ट्रैक्टर ने नाम पर लिया था। अनावदेक निर्वाचित विधायक उसके पार्टनर थे परंतु 2008 में रिटायर हो गये थे। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बैंक स्टेटमेंट की कॉपी में अनावेदक अभय मिश्रा का नाम बॉरोअर के तौर पर दिखाया गया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि अनावेदक विधायक ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में आय का स्त्रोत पेंशन व सैलरी बताया था। उन्होने पेंशन व सैलरी प्राप्त होने वाले प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की डिटेल्स नहीं दीं है। याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि उक्त कंपनियों के डायरेक्टर पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और कंपनी एक्ट के प्रावधान के तहत मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स को इसकी जानकारी दे दी गई थी। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका में नामांकन पत्र के साथ दायर हलफनामा में जरूरी जानकारी छिपाने के बारे में खास बातें कही हैं। चुनाव याचिका में लगाये गये आरोप सही पाये जाते है तो विजयी उम्मीदवार का चुनाव निरस्त किया जा सकता है। ट्रायल के दौरान साक्ष्य व तथ्यो का परीक्षण किये बिना उसे खारिज नहीं किया जा सकता है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि उक्त चुनाव याचिका जनवरी 2024 में दायर की गयी है। अभी तक अनावेदक की तरफ से लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। एकलपीठ ने अनावेदक विधायक को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश जारी किये।

# ट्रिपल आई टी में आयोजित शिविर में 87 यूनिट रक्त का संग्रह



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आई टी डी एम) में जागृति छात्र संगठन द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आज शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में संस्थान के छात्रों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया और 87 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। थैलेसीमिया एवं सिकलसेल के मरीजों तथा अन्य जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित किये गये किया यह शिविर संस्थान के निदेशक प्रो भरतेंदु कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रो एम के राय के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अमिता जैन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अर्चना शुक्ला ने अपनी टीम के साथ शिविर के सफल आयोजन में सराहनीय योगदान दिया। जागृति के सदस्यों ने प्रतिभागियों को रक्तदान के लिये प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एआई आधारित तकनीक से नागरिक सेवाएँ होंगी अधिक तेज, पारदर्शी एवं डेटा आधारित : मुख्यमंत्री

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सुशासन एवं विकास को नई गति देने और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्टेट एआई मिशन प्रारंभ किया जाएगा। यह मिशन सेवाओं के संचालन और आर्थिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्टेट एआई मिशन राज्य के एआई विजन एंड एक्शन फ्रेमवर्क पर आधारित होगा, जिसके माध्यम से व्यवस्था को प्रेडिक्टिव, प्रोएक्टिव एवं डेटा-ड्रिवन बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई तकनीकों का उपयोग मानवीय निगरानी (ह्यूमन-इन-द-लूप) के साथ किया जाएगा, जिससे सुरक्षा, पारदर्शिता एवं नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित किया जा सकेगा। एआई मिशन के क्रियान्वयन से नागरिकों, विशेषकर किसानों, ग्रामीण समुदायों, युवाओं एवं वंचित वर्गों को तेज, स्मार्ट और व्यक्तिगत सेवाएँ उपलब्ध होंगी। राज्य सरकार एआई तकनीक को सुलभ एवं किफायती बनाकर समाज के सभी वर्गों तक इसके लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टेट एआई मिशन में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान संभव हो सकेगी। सभी एआई प्रणालियों में पारदर्शिता, ऑडिटेबिलिटी और प्राइवेसी संरक्षण सुनिश्चित करते हुए रिस्पॉन्सिबल एआई के सिद्धांतों को अपनाया जाएगा। साथ ही प्रशासनिक कार्यों को अधिक दक्ष बनाने के लिए अधिकारियों को ड्राफ्टिंग, विश्लेषण, डिसीजन सपोर्ट एवं डेटा मैनेजमेंट से संबंधित एआई टूल्स उपलब्ध कराए जाएंगे। एआई का उपयोग केवल पायलट परियोजनाओं तक सीमित न रहकर राज्य की प्रमुख योजनाओं में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा।

# जबलपुर में बिल्डर पर चाकू से हमला:रुपए मांगे, नहीं देने पर तीन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर में शनिवार सुबह एक बिल्डर पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गोहलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात उस समय हुई जब बिल्डर संदीप गुप्ता अपनी साइट से लौटकर घर जा रहे थे। घटना आधारताल क्षेत्र की है, जहां सुशीला परिसर के गेट के पास तीन आरोपियों ने संदीप को रोका और रुपए की मांग करने लगे। संदीप के मना करने पर बदमाशों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद संदीप ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।**

### लोगों ने बिल्डर को अस्पताल में भर्ती कराया

लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल बिल्डर को तुरंत दमोह नाका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित संदीप गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना गोहलपुर स्थित अपनी निमार्णाधीन साइट पर जाते हैं। शनिवार को भी वह काम देखकर लौट रहे थे, तभी गेट पर खड़े तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया और पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया।

### एक दिन पहले भी फोन पर मांगे थे रुपए

संदीप ने यह भी बताया कि एक दिन पहले यानी शुक्रवार को भी उन्हें कुछ लोगों के फोन आए थे, जिनमें रुपए की मांग की जा रही थी, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296(बी), 118(1), 119(1), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# जिला सलाहकार समिति की बैठक 23 को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 23 मार्च को दोपहर 1 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुये नवीन पंजीयन, नवीनीकरण एवं संशोधन के आवेदनों पर विचार किया जायेगा।

**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री राजपूत का भ्रमण कार्यक्रम-** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत रविवार 22 मार्च की सुबह जबलपुर से कार द्वारा सागर प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री राजपूत का शनिवार 21 मार्च की शाम सागर से कार द्वारा जबलपुर आगमन हुआ।

# सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग का आगमन रविवार को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग का रविवार 22 मार्च को सुबह 11 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री सारंग यहाँ विजय नगर स्थित वर्मा बारात घर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित 32 वें विराट युवक-युवती परिचय में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

विद्यार्थियों से पिछले वर्ष की किताबें दान करने का आग्रह

# पुस्तक मेला में इस बार लगेगा बुक बैंक का स्टॉल




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, कापियां एवं गणवेश उपलब्ध कराने इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला में इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले बुक बैंक के स्टॉल के लिये विद्यार्थियों से पूर्व वर्ष की किताबों का संग्रह प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पुरानी पाठ्य पुस्तकें दान स्वरूप बुक बैंक स्टॉल में देना चाहते हैं, वे अपनी पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जबलपुर तथा जिला शिक्षा केंद्र में जमा कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से भी अपेक्षा की है कि उनके विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्य पुस्तकों अथवा विद्यार्थियों के पास उपलब्ध उपयोगी पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने नागरिकों, अभिभावकों एवं से भी इस अनूठी पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पुरानी पाठ्यपुस्तकों का दान कर विद्यार्थियों के हित में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष लगाए गये पुस्तक मेला में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को नाममात्र शुल्क पर पुरानी पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई थीं। इस पहल से कई छात्रों को लाभ प्राप्त हुआ तथा आमजनों द्वारा भी इसकी व्यापक सराहना की गई।

बच्चों ने स्कूल-ग्रामीणों ने खेत जाना छोड़ा

# जबलपुर के ग्राम छपरी में सांड का आतंक:दिव्यांग सहित 10 लोग घायल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम छपरी में एक सांड करीब 10 लोगों को घायल कर चुका है। इससे गांव में दहशत का माहौल है। आलम यह है कि सांड को देखते ही ग्रामीण सारे काम छोड़कर वहां से भाग खड़े होते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सांड को पकड़कर गोशाला में छुड़वाने की मांग की है। कुछ दिन पहले कहीं से गांव में आए सांड ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। उसके आतंक के कारण लोग रास्ते में चलने से डर रहे हैं। वह बच्चे, महिला, बुजुर्ग कोई भी हो देखते ही हमला कर देता है।**

### खेत जाने में लग रहा है डर

छपरी गांव के राजेश कुमार ने बताया कि दो दिन पहले 12 साल के दिव्यांग राहुल पटेल को सांड ने उठाकर पटक दिया, जिससे उसको गंभीर चोटें आईं। उसके एक पैर में 8 और दूसरे में 3 टांके आए हैं। वह रात में बाथरुम में लिए उठा था। जैसे ही सांड ने हमला किया दिव्यांग चिल्लाने लगा, जिससे परिजन लाठी लेकर बाहर निकले और सांड को भगाया। दिव्यांग राहुल के भाई आकाश पटेल का कहना है कि यह सांड आवारा है। रात के समय दिव्यांग भाई पर हमला किया था। उस दिन के बाद से अब इन्हें घर से बाहर नहीं निकाल रहे हैं। आज वही सांड गांव के चौराहे पर अभी घूम रहा है।

### बच्चों ने स्कूल जाना छोड़ा

राजेश का कहना है कि जब से सांड गांव में आया है, तब से आतंक मचा रखा है। गांव के सरपंच, सचिव से शिकायत की गई पर समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सांड के डर से बच्चों ने स्कूल और आंगनबाड़ी जाना छोड़ दिया है। किसान खेत जाने से डर रहे हैं। फसलों को पानी नहीं दे पा रहे हैं, नलकूप नहीं जा पा रहे हैं।

### पहाड़ में छोड़ा, फिर लौट आया

ग्रामीणों का कहना है कि 8 माह पहले कटंगी नगर परिषद की सीएमओ को लिखित में शिकायत दी गई थी, जिसके बाद उसे पकड़कर पहाड़ पर छोड़ दिया गया था। एक माह पहले फिर से यह गांव आ गया है और लगातार लोगों पर हमला कर रहा है। ग्रामीण रामसिंह पटेल का कहना है कि इससे पहले भी चार से पांच लोगों को सांड ने मारा था, जिसके बाद नगर परिषद मे शिकायत की थी। किसान रामसिंह पटेल का कहना है कि आठ माह पहले इसी सांड ने आतंक मचाया था। तब गांव के ही रविशंकर (51), पुरुषोतम पटेल, राजू पटेल, नारायण पटेल सहित कई लोगों को मारा था। रविशंकर के सीने और पीठ में गंभीर चोट लगी थी, परिजनों ने जबलपुर ले जाकर इलाज कराया था। तीन माह बाद रविशंकर की मौत हो गई। गांव में सांड के बारे में मुझे आज ही जानकारी मिली है। उसके हमले में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। जबलपुर से वेटनरी डॉक्टरों की टीम बुलाकर उसे रेस्क्यू करवाया जा रहा है। यह भी पता लगाएंगे कि यह सांड किसका है और गांव में कैसे आया।

# कलेक्टकर ने किया रांझी अस्पमताल का निरीक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टकर श्री राघवेन्द्रय सिंह ने आज रांझी अस्पिताल का निरीक्षण कर चिकित्सिकीय व्यकवस्थीओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अस्पिताल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ताब के साथ समय सीमा में पूरा करें। भ्रमण के दौरान मुख्‍ स्वा स्‍ ‍ एवं चिकित्सास अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, एसडीएम श्रीमती मोनिका बाघमारे सहित अन्यि संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### आंगनवाड़ी सहायिकाओं की अंतिम चयन सूची जारी

महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना क्रमांक-एक शहरी के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 29, 34, 47, 52 एवं 63 में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। परियोजना अधिकारी के अनुसार अंतिम सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर किया जा सकता है।

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड के लिये जिले की चार छात्राओं का चयन, ग्वालियर रवाना

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 22 और 23 मार्च को ग्वालियर में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड परीक्षा के लिये जबलपुर जिले से चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड के लिये जबलपुर जिले से चयनित चारों विद्यार्थी छात्रायें हैं। चारों छात्राओं को उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ आज शनिवार को आईएसबीटी से ग्वालियर रवाना किया गया। जहाँ वे 22 एवं 23 मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह में सहभागिता करेंगी।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592